*
ओड़िशा संस्करण

22 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 62

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने विधायक किरण सिंहदेव, महामंत्री भी जल्द बदले जायेंगे।






## मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र के आखिरी दिन भाजपा पर साधा निशाना

# सरकार को गिराने में लगा है विपक्ष: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हमारे कदम चलते रहेंगे, जब तक सांस है, हम वो मुसाफिर नहीं की बाधा देख कर चलना छोड़ दें।' मुख्यमंत्री गुरुवार को विधानसभा शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन समापन पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष और खासकर भाजपा पर जम कर निशाना साधा। हेमंत ने कहा कि राज्यपाल की मदद से विपक्ष (भाजपा) सरकार को हिलाने-डुलाने का काम करता है, लेकिन मेरी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। फिर से सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार बनने के चंद घंटे बाद से ही विपक्ष सरकार गिराने का षड्यंत्र करता रहा है। हमने कोरोना और सुखाड़ देखा। निश्चिंत रहिए, सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग सदन में 1932 स्थानीयता बिल को सहमति देते हैं और बाहर राज्यपाल का कान फूंक देते हैं।

**सरकार जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जातिगत आधारित जनगणना कराने के पक्ष में है। जहां तक ओबीसी और अन्य वर्गों का आरक्षण बढ़ाने की बात है, यह विषय राजभवन में है। विधेयक इस आशा उम्मीद के साथ राजभवन में है कि राज्यपाल मुहर लगायेंगे। अब तक राज्यपाल ने किसी भी तरह से इस मामले में अवगत नहीं कराया है। सत्र के बाद हम लोग राज्यपाल से मिल कर आग्रह करेंगे कि आरक्षण से संबंधित विधेयक स्पष्ट हो।



### मुख्यमंत्री ने क्या-क्या कहा

- हमारी सरकार पांच साल पूरा करेगी, फिर सरकार भी बनायेगी
- 1932 को सहमति देकर फूंक देते हैं राज्यपाल का कान
- सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर पूर्व की सरकार ने क्या किया
- क्या हम 25 साल के युवा झारखंड को सशक्त कह पायेंगे?
- लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में हो रही घटना देश देख रहा
- मोदी की गारंटी को अब घुमाया जा रहा
- 80 करोड़ लोग सरकार की भीख पर जिंदा
- सरकार जातिगत आधारित जनगणना कराने के पक्ष में

### 80 करोड़ लोग सरकार की भीख पर जिंदा

हेमंत ने कहा कि सिलेंडर 400 से 1200 कब हो गया, पता भी नहीं चलने दिया। राजस्थान में चुनाव के वक्त फिर से साढ़े चार सौ में सिलेंडर का वादा किया है। अब कल ही देख रहा था पता नहीं सच है या झूठ लेकिन खबर यह थी कि अब फिर से पलट गये। देश के 80 करोड़ लोग सरकार की भीख पर जिंदा हैं और बोलते हैं कि हम विश्व गुरु बनेंगें। अब क्या पेट और पीठ एक हो जायेगा, तब ये लोग मानेंगे। मोदी की गारंटी को अब घुमाया जा रहा है।

### भाषण के बीच विपक्ष ने किया बायकॉट

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को बताना चाहिए कि सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर इन्होंने क्या किया? मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्षी विधायकों ने वॉकआउट किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि यही दिक्कत है। उनसे सच्चाई सुनी नहीं जाती। उन्होंने कहा कि मैं चार साल में सभी समस्याओं के समाधान का दावा नहीं कर रहा हूं। अब यह मजदूर पैदा करनेवाला राज्य नहीं रहेगा। मेरी सरकार दिल्ली से नहीं, बल्कि गांव से चलती है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है। हमारी सरकार आबुआ आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान देगी।

**मजदूर पैदा करनेवाला राज्य बना दिया:** मुख्यमंत्री ने कहा कि ये राज्य सिर्फ मजदूर पैदा करनेवाला राज्य हो गया था। इस बात का हम सभी को मलाल है। कई जिलों से बड़े स्तर पर पलायन होता है। इससे स्पष्ट है कि मूलभूत सुविधाएं भी विपक्ष के लोगों ने नहीं दी। कोई कहीं अच्छी तनख्वाह के लिए जाता है, तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन हमारे लोगों की बाहर में क्या स्थिति होती है, यह समय-समय पर जानकारियां मिलती है। इसलिए हम लोगों ने अब पोर्टल बनाया है, ताकि कोई भी मजदूर देश में हो या विदेश में, समस्या होने पर अपनी जानकारी पोर्टल के माध्यम से सरकार को दे सकते हैं। सरकार मदद करती है। ये लोग कहते थे कि हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में चढ़ायेंगे, लेकिन प्लेटफार्म टिकट का कीमत तक 50 रुपया कर दिया है। मेरी सरकार ने उत्तराखंड में फंसे मजदूरों को हवाई जहाज से मंगाया। ये लोग सिर्फ झूठ बोलते हैं।

### सदन लोकतंत्र का मंदिर, लोकसभा सबसे ऊपर

विपक्ष पर सरकार को कोसने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें डराने-गिराने का निरंतर प्रयास किया गया। सदन सबसे बड़ा मंदिर है। यहां मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारा को माननेवाले सभी लोग बैठते हैं। जब सोचता हूं कि सबसे बड़ा कौन, तो सब धर्मों के लिए सम्मान जागता है, लेकिन यह सदन तो लोकतंत्र का मंदिर है। सबसे ऊपर लोकसभा है। राज्यसभा है। हम उनसे सीखते हैं। आज लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में क्या हो रहा है, देख रहे हैं। आज भी तीन सांसदों को निंलबित कर दिया।

### झारखंड को सशक्त राज्य कह पायेंगे!

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे वक्त में राज्य की मुझे बागडोर मिली, जब चंद सालों में ही यह युवा राज्यों की गिनती में आ गया। सबसे अधिक विपक्ष को ही सरकार चलाने का मौका मिला। झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। कुछ समय बाद झारखंड युवा हो जायेगा, लेकिन क्या हम कह पायेंगे कि हमारा प्रदेश सशक्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महामारी जैसी विपत्ति में भी हमारी सरकार ने किसी नागरिक को भूखा मरने नहीं दिया। नये सदन में हीटर लगा है। ठंड भी है। हमें ऐसी विरासत मिली है। माइक में बोलने के लिए हेडफोन लगाना पड़ता है। आज कमोबेश हम घाटे के बजट के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## लोकसभा एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए 22 दिसंबर तक का वक्त तय किया गया था। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि सदन की कार्यवाही 61 घंटे 50 मिनट चली। वर्क प्रोडक्टिविटी 74 फीसदी रही। चर्चा के बाद 18 सरकारी विधेयक पास हुए। शून्यकाल के दौरान 182 मामले उठाये गये। उधर, लोकसभा से गुरुवार को भी तीन और सांसदों को निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश, नकुल नाथ और दीपक बैज को निलंबित किया गया। इन्हें मिला कर संसद से कुल 146 सांसद अब तक निलंबित किये जा चुके हैं।

## न्यूज रील्स

### राहुल की टिप्पणी अच्छी नहीं: हाइकोर्ट

नयी दिल्ली। उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और व्यवसायी गौतम अडानी को 'जेबकतरा' कहने के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा, यह बयान अच्छा नहीं है। आयोग को कार्रवाई करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया।

### सोनिया-खड़गे को राम मंदिर ट्रस्ट ने न्योता भेजा

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए न्योता मिला है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा को भी प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में बुलाया गया है।

### संसद सुरक्षा अब सीआइएसएफ को

नयी दिल्ली। संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) को दी गयी है। संसद में सुरक्षा चूक को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है। सीआइएसएफ के पास अभी दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डे से जुड़े कई जगहों की सुरक्षा का जिम्मा है।

### पुंछ में सेना के ट्रक पर आतंकी हमला

जम्मू-कश्मीर। राजौरी में गुरुवार को आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। हमले में तीन जवान शहीद हो गये, जबकि तीन जवान घायल हो गये हैं। एक महीने से भी कम समय में इस क्षेत्र में सेना पर यह दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 22 नवंबर को एनकाउंटर में 5 जवान शहीद हुए थे।

# दम घुटने से चार युवकों की मौत, तीन की हालत गंभीर

दीपक सिंह

- ठंड से बचने के लिए जलायी थी अंगीठी
- सभी युवक बंद कमरे में सोए हुए थे
- बिहार के बक्सर के हैं रहनेवाले
- हजारीबाग में नेटवर्किंग का करते थे काम

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में बिहार के चार युवकों की मौत हो गयी है। सभी बिहार के बक्सर जिले के बताये जा रहे हैं। घटना कटकमदाग थाना क्षेत्र के रसूलीगंज की है। इनकी मौत धुएं की वजह से दम घुटने से हुई है। वहीं तीन लोग गंभीर हैं, जिनमें से एक की हालत नाजुक है। सभी युवक नेटवर्किंग कंपनी में काम करते थे और एक ही कमरे में सो रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार कमरे में पत्थर कोयला जला कर सभी लोग कमरे का दरवाजा बंद करके सोये हुए थे। उसके ही गैस के कारण चार लोगों की मौत दम घुटने से हुई है। सभी को कमरे का दरवाजा तोड़ कर निकाला गया। तीन पीड़ितों का इलाज हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है।

सभी नेटवर्किंग कंपनी रॉयल हेल्थ इंडिया में सेल्स मैन थे। जो विभिन्न प्रकार का पाउडर बना कर दो टू डोर बेचने का काम करते थे। चार मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली हैं। वहीं, रोहित यादव, राकेश कुशवाहा और सलमान खान घायल हैं। जिनका इलाज हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।



### दरवाजा तोड़ कर निकाला गया

बगल कमरे में कुणाल यादव भी रह रहे थे। उन्होंने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सुबह 7:00 बजे कुछ लोग उनके कमरे में गये, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में दरवाजा तोड़ दिया गया। तोड़ने के बाद देखा कि कमरे में चार लोग पड़े हुए हैं और तीन की स्थिति गंभीर है। तीनों को अस्पताल ले जाया गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। उन्होंने कहा कि रात में सभी एक साथ खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में चले गये थे। ठंड काफी अधिक थी, ऐसे में कमरे में ही अंगीठी जलायी गयी थी।

# प्रेमप्रकाश की याचिका हाइकोर्ट में खारिज

**कोर्ट ने कहा, अवैध खनन मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता लग रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित दलाल-बिचौलिये प्रेम प्रकाश की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रेमप्रकाश की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता प्रतीत होती है। हाइकोर्ट ने इडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने को सही ठहराया।

बता दें कि इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने प्रेम प्रकाश के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। साथ ही उसके खिलाफ अदालत ने आरोप भी गठित कर दिया है। प्रेम प्रकाश ने खुद को निर्दोष बताते हुए इडी कोर्ट द्वारा उसके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने एवं उस पर आरोप गठित किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा और बच्चू यादव के खिलाफ इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है। मामले को लेकर इन तीनों आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या ईसीआइआर 4/ 2022 दर्ज किया है।

### झारखंड के प्रमोद अग्रवाल बने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के चेयरमैन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के रामगढ़ जिले के रहनेवाले और कोल इंडिया के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल को बीएसइ यानी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सेबी ने इसकी मंजूरी दे दी है। प्रमोद अग्रवाल का कार्यकाल 17 जनवरी 2024 से शुरू होगा। अग्रवाल रामगढ़ के प्रतिष्ठित व्यवसायी बद्री प्रसाद अग्रवाल के बेटे हैं। उनका परिवार भी रामगढ़ का प्रतिष्ठित व्यावसायी परिवार है। अग्रवाल की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ में हुई है। इंटर के बाद इन्होंने आइआइटी मुंबई से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री हासिल की थी।

# ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ी

## कहा, नया अध्यक्ष बृजभूषण का पार्टनर, अब न्याय की उम्मीद नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्लूएफआइ) के चुनाव में बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह के अध्यक्ष चुने जाने से बृजभूषण के खिलाफ धरना देनेवाले रेसलर नाखुश हैं। दिल्ली में गुरुवार शाम को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने प्रेस कांफ्रेंस बुलायी। इस दौरान साक्षी मलिक भावुक हो गयीं और कुश्ती त्यागने का एलान कर दिया। उन्होंने अपने जूते उतार कर टेबल पर रख दिये और उठ कर वहां से चली गयीं।



साक्षी ने कहा कि हम लड़ाई नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। हमारा समर्थन करने देशभर से दूर-दूर से आये लोगों का आभार। हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। साक्षी ने कहा कि पहलवानों ने डब्लूएफआइ में महिला प्रेसिडेंट की मांग की थी, लेकिन सब जानते हैं कि बृजभूषण का तंत्र कितना मजबूत है। मैं और बजरंग पूनिया गृह मंत्री से मिले थे। हमने बाकायदा लड़कियों के नाम लेकर उन्हें बताया था कि रेसलिंग को बचा लें, लेकिन कुछ नहीं हुआ। साक्षी ने कहा कि चुने गये नये अध्यक्ष संजय सिंह बृजभूषण सिंह के पार्टनर हैं। वहीं, बजरंग पूनिया ने कहा कि पूरा देश जानना चाहता है कि खिलाड़ी इतने दिन चुप क्यों थे। हमने पिछले साल जनवरी में धरना दिया था। उसके बाद एक कमेटी बनायी गयी। हम पहले सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे थे। अब बहन-बेटियों की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे अंदर जितना दम था, हम लड़े, लेकिन सरकार से जो उम्मीद थी, वो पूरी नहीं हुई। पूनिया ने कहा कि बृजभूषण के राइट हैंड को अध्यक्ष बना दिया गया। हमने ही नहीं, आज पूरे देश ने बृजभूषण के तंत्र और पावर को देख लिया है। धीरे-धीरे बृजभूषण सिंह को कोर्ट से भी बरी करा लिया जायेगा।

### संजय सिंह डब्लूएफआइ के नये अध्यक्ष

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव में संजय सिंह नये अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट रही हरियाणा की पहलवान अनीता श्योराण को हराया। संजय सिंह डब्लूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी में संजय सिंह जॉइंट सेक्रेटरी थे। चुनाव में टोट.ल 47 वोट पड़े। इनमें से संजय सिंह को 40 और अनीता श्योराण को सिर्फ सात वोट मिले।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,900 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# एक बार फिर बेनकाब हुआ विपक्षी कुनबे का मतभेद

## ममता की एक चाल से राहुल-प्रियंका से लेकर नीतीश तक का पत्ता हुआ साफ

## अब 'खिसियानी बिल्ली' की तरह खंभा नोच रहे हैं लालू के साथ सुशासन बाबू

**2024 में होनेवाले लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को हराने के लिए बने 28 दलों के विपक्षी गठबंधन, यानी इंडी अलायंस के घटक दलों की चौथी बैठक के बाद वैसे तो कई प्रस्तावों पर सहमति का एलान किया गया, लेकिन अंदरूनी मामला इतना सुलझा हुआ नहीं है। सीट शेयरिंग और दूसरे मामूली मुद्दों पर घटक दलों ने सहमति जतायी, लेकिन नेता पद के उम्मीदवार को लेकर मामला पूरी तरह बिगड़ गया। यह मुद्दा इतना उलझ गया कि अब गठबंधन के भीतर के मतभेद पूरी तरह बेनकाब हो गये हैं। यह मतभेद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की एक चाल के कारण सामने आया, जिसकी मदद से उन्होंने न केवल राहुल गांधी-प्रियंका गांधी, बल्कि नीतीश कुमार का भी पत्ता साफ कर दिया। बैठक में ममता ने नेता पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव किया, जिसका समर्थन अरविंद केजरीवाल और उद्धव ठाकरे ने भी किया। ममता के इस प्रस्ताव के बाद नीतीश कुमार और लालू यादव बेहद नाराज हैं। उनकी नाराजगी तब सामने आयी, जब बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करने नीतीश नहीं आये और उन्होंने जदयू के सांसदों के साथ अलग-अलग बैठक कर स्थिति का आकलन किया। राजद सुप्रीमो तो खैर स्वास्थ्य का बहाना बना कर बैठक के फौरन बाद ही निकल गये। बैठक खत्म होने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी बाहर निकल गये और उन्होंने मीडिया से बात तक करने से इनकार कर दिया। इन घटनाक्रमों को इंडी अलायंस के भीतर चल रहे विवाद से जोड़ा जा रहा है, जो कहीं से भी गलत नहीं है। दिल्ली की बैठक में क्या हुआ और इंडी अलायंस का भविष्य एक बार फिर कैसे अधर में लटक गया है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

भाजपा और नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने से रोकने के लिए विपक्षी दलों का बना गठबंधन अब असली रंग दिखा रहा है। गठबंधन के भीतर की साजिशें अब परतों से बाहर झांकने लगी हैं। दांव-पेंच चले जा रहे हैं। एक गुट दूसरे गुट को नीचा दिखा रहा है। किसी तीसरे के कंधे पर बंदूक रख कर गोली चलायी जा रही है।

दरअसल, विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल सभी 28 राजनीतिक दलों की दिल्ली में बैठक हुई थी। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर उछला। इसके बाद विपक्षी दलों के बीच रार ठन गयी है। जदयू के एक वरिष्ठ नेता ने खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में आगे बढ़ाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। बैठक में खड़गे को नेता के रूप में सामने रखने का प्रस्ताव पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिवसेना (उद्धव) के उद्धव ठाकरे ने इसका समर्थन कर दिया। इसके बाद ही गठबंधन के भीतर की दरार सामने आने लगी।

### ममता ने क्यों चली यह चाल

दरअसल, बैठक से पहले ममता बनर्जी ने अरविंद केजरीवाल और उद्धव ठाकरे के साथ अलग-अलग मुलाकात की थी। इन मुलाकातों में उन्होंने अपनी रणनीति तैयार कर ली थी। वास्तव में आम आदमी पार्टी और टीएमसी की महत्वाकांक्षा राष्ट्रीय पार्टी बनने की है। इसके लिए उन्हें गांधी परिवार को कमजोर करना होगा। इसलिए इंडी गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी की जगह मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का प्रस्ताव दे दिया गया। बात यहीं तक नहीं रुकी। इससे आगे बढ़ते हुए टीएमसी ने प्रियंका गांधी को वाराणसी से चुनाव लड़ाने का प्रस्ताव भी दे दिया। यह भी एक ऐसा कदम है, जिसका उद्देश्य गांधी परिवार को कमजोर करना है। टीएमसी और ममता बनर्जी चाहती हैं कि गांधी परिवार अपना जोर मोदी को रोकने में और यूपी में कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने में लगाये। ऐसे में पश्चिम बंगाल में वह कांग्रेस के साथ मोलभाव करने की स्थिति में रहेंगी। चूंकि एक अन्य महत्वपूर्ण नेता नीतीश कुमार को लगभग अलग-थलग ही कर दिया गया है, ऐसे में बाकी के क्षेत्रीय क्षत्रप अपने सामने आनेवाली चुनौतियों को धीरे-धीरे मिटाना चाहते हैं।

### गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के कितने दावेदार

गठबंधन की ओर से मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता प्रधानमंत्री पद की दौड़ में हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव 2024 में जो पार्टी जितनी अधिक सीट हासिल करेगी, उसकी पार्टी के नेता का इस रेस में आगे निकलना उतना ही आसान रहेगा। चूंकि कांग्रेस पूरे देश में चुनाव लड़ती है, लेकिन अखिलेश यादव का 60 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान और साथ में रालोद का उसे मिलनेवाला साथ उसे इस रेस में दूसरे नंबर पर खड़ा करती है। हालांकि, सवाल यह है कि क्या प्रियंका गांधी के वाराणसी सीट से उतरने पर भी कांग्रेस सपा की 60 सीटों वाली बात मान लेगी।




### नीतीश कुमार-लालू यादव हुए नाराज

अब राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि गठबंधन के अंदरखाने इस प्रस्ताव पर विवाद छिड़ गया है। दावा किया जा रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू यादव इस प्रस्ताव से नाराज हो गये हैं। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस से पहले ही दोनों नेता होटल से निकल गये। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भी नाराज बताया जा रहा है। हालांकि उन्होंने अभी चुप्पी साध रखी है।

### लालू चाहते थे नीतीश को संयोजक बनाना

बैठक से पहले खूब बोलने वाले लालू ने कहा था कि मीटिंग में सब अच्छा होगा, लेकिन बैठक के बाद तुरंत वहां से निकल गये। कहा जा रहा है कि लालू चाहते थे कि इस बैठक में नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाया जाये, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उलटे ममता बनर्जी ने दलित कार्ड खेलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित कर दिया। वास्तव में जदयू और राजद दोनों की मंशा है कि नीतीश कुमार अब गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के ना सिर्फ उम्मीदवार बनें, बल्कि वह उस पद पर काबिज भी हों। जदयू की चाहत इसलिए है कि उसकी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री बनेंगे, तो उसके लोग मंत्री से लेकर सत्ता के शीर्ष शिखर पर बैठ सकेंगे। वहीं लालू की चाहत है कि नीतीश अब केंद्र की राजनीति करें। वह गठबंधन को लीड करें और 2024 में प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनें।

### नीतीश को पीएम बनाने की चाहत लालू को क्यों

ऐसा कर लालू एक तीर से दो निशाना साधना चाहते हैं। पहली तो यह कि नीतीश कुमार को केंद्र की राजनीति में भेज कर बेटे तेजस्वी यादव के लिए बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी और एक अणे मार्ग दिलाना चाहते हैं और दूसरा वह पिछड़ी जाति के मसीहा के रूप में नीतीश के साथ एक मशहूर जोड़ी बनना चाहते हैं। दोनों नेताओं ने जब से हाथ मिलाया है, तब से बिहार में ना केवल जातीय जनगणना हुई, बल्कि उसके आंकड़ों के आधार पर राज्य में नयी आरक्षण नीति भी मंजूर कर ली गयी है। इससे कई राज्यों, खासकर बिहार से सटे उत्तरप्रदेश, झारखंड, ओड़िशा में पिछड़े वर्ग का आंदोलन फिर से तेज होने लगा है। राष्ट्रीय फलक पर भी कांग्रेस जाति जनगणना की मांग करने लगी है और वादे करने लगी है कि उसकी सरकार बनने पर जाति जनगणना होगी और उसके अनुसार आरक्षण की सीमा बढ़ायी जा सकेगी।

### गठबंधन में शुरू से ही पड़ी है दरार

वैसे गठबंधन के गठन के बाद से ही नेता पद को लेकर खींचतान शुरू हो गयी थी। यह खींचतान इतनी बढ़ गयी कि गठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच एक-दूसरे को कमजोर करने की कोशिशें तक चलने लगीं। सबसे अधिक निशाने पर नीतीश कुमार और गांधी परिवार हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तड़प सामने आ चुकी है, तो मध्यप्रदेश में कांग्रेस-सपा की तू-तू-मैं-मैं किसी से नहीं छिपी है। एक तरफ दिल्ली से लेकर पंजाब तक आम आदमी पार्टी कांग्रेस को चुनौती दे रही है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी अड़ी हुई हैं। बिहार में राजद चुप है, क्योंकि नीतीश कुमार फ्रंट पर हैं, लेकिन सीट बंटवारे की बात आयेगी, तो अदावत यहां भी होगी। झारखंड में झामुमो को भी सम्मान देना होगा, वह आठ सीटें मांग चुका है, तो तमिलनाडु में द्रमुक-अन्नाद्रमुक के साथ भी संबंधों में पेंच फंसेगा। अन्नाद्रमुक एनडीए से निकल चुका है। उसे भी साथी की तलाश है। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) को भाव दिया जाये या एनसीपी (शरद पवार गुट) को, इसको लेकर भी मामला फंसने वाला है। सीट शेयरिंग को लेकर भी मामला फंस सकता है। गठबंधन का सबसे बड़ा दल यानी कांग्रेस, जो खुद कई राज्यों में छोटे दलों से कमजोर है, अपनी गुफा में गुर्राता है, तो पलट कर छोटा दल भी दहाड़ता है कि यहां से निकल कर 'मेरी गली' में आओ, फिर बताते हैं। अब यह 'गली वॉर' पूरे राज्य में फैल चुका है। दूसरे की मांद में घुसा वह साथी कह रहा है कि इस मांद में अब मत आ जाना। आना भी तो एक कोने में। जगह भी हमारी होगी, कोना भी हमारा होगा। वहां जमीन कितनी देंगे, इसका फैसला भी हमारा होगा। हम बात कर रहे हैं विपक्षी गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस की और दूसरे सबसे बड़े दल (सीटों पर चुनाव लड़ने की संख्या के मामले में) समाजवादी पार्टी की। बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ, जब मध्यप्रदेश के अपने गढ़ में कांग्रेस के कमलनाथ ने मीडिया से बातचीत में बड़े उखड़े मूड में कह दिया था कि छोड़िए अखिलेश-वखिलेश को। इसके बाद समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव यूपी में कांग्रेस को खास भाव देने के मूड में नहीं हैं।

### ताबूत की अंतिम कील साबित होगी ममता की चाल

तमाम मतभेदों और दरारों को देखते हुए अब कहा जा सकता है कि गठबंधन की चौथी बैठक में ममता बनर्जी की एक चाल ने घटक दलों के नेताओं की तमाम खुंटचालों और महत्वाकांक्षाओं को एक झटके में धूल में मिला दिया है। खड़गे ने कह तो दिया है कि पीएम पद का फैसला चुनाव बाद किया जायेगा, लेकिन उनके समर्थकों ने ममता बनर्जी के प्रस्ताव पर जो प्रतिक्रिया दी है, वह गौर करनेवाली है। इधर राहुल-प्रियंका खेमा इस झटके से उबरने की कोशिश में खीसें निपोर रहा है, तो नीतीश-लालू खिसियानी बिल्ली की तरह खंभा नोचने लगे हैं। ऐसे में विपक्षी गठबंधन के अधिक दूर तक चलने की उम्मीद नहीं दिखायी दे रही है।

---

## डॉ एंड्रयु फ्लेमिंग ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

# यूनाइटेड किंगडम आने का आमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधान-सभा कक्ष में ब्रिटिश डिप्टी हाइकमिश्नर कोलकत्ता डॉ एंड्रयु फ्लेमिंग ने मुलाकात की। डॉ एंड्रयु फ्लेमिंग ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर यूके सरकार की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यूके आने के लिए आमंत्रित किया।

बताते चलें कि यूके सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन और डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एंड ट्रेड की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें यूनाइटेड किंगडम आने को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने यूके सरकार द्वारा दिये आमंत्रण पर ब्रिटिश डिप्टी हाइकमिश्नर के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारस्परिक सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए झारखंड तत्पर है।



ब्रिटिश डिप्टी हाइकमिश्नर ने झारखंड सरकार द्वारा चेवेनिंग-मरंग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना की सराहना की। मुलाकात के दौरान शिक्षा खासकर गर्ल्स एजुकेशन के साथ-साथ खेल, पर्यटन, क्लाइमेट चेंज, सस्टेनेबल माइनिंग जैसे क्षेत्रों पर पारस्परिक सहयोग के साथ विकास और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ब्रिटिश डिप्टी हाइकमिश्नर ऑफिस के अरूणाभ भट्टाचार्य और अमित सेनगुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# बाबा बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम संबंधी आवेदन दो सप्ताह में पलामू डीसी करें निष्पादित, अन्यथा लगेगा 25 हजार का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उपायुक्त पलामू को निर्देश दिया कि कार्यक्रम को लेकर हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा दिये गये आवेदन को दो सप्ताह में निष्पादित करें, अन्यथा पलामू उपायुक्त पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। जुर्माना राशि पलामू डीसी को हनुमंत कथा आयोजन समिति को देना होगा। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को छूट दी कि अगर कोई जवाब दाखिल करना चाहती है, तो उसे दाखिल कर सकती है। अगली सुनवाई 5 जनवरी 2024 को होगी।




इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पलामू उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पूर्व में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किये जाने के बाद नये सिरे से पंडित धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम पलामू में अब फरवरी 10 से 15 फरवरी 2024 तक निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा, इसके लिए ग्रामसभा से अनुमति भी मिल गयी है। पुराने कार्यक्रम स्थल जो नदी के किनारे पर था, वहां पर उपायुक्त ने इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने की बात को लेकर कार्यक्रम रद्द कर दिया था, लेकिन अब जो नया स्थल रैयती भूमि पर चयनित किया गया है, वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है। कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है।

इस कार्यक्रम को लेकर पलामू डीसी से हनुमंत कथा आयोजन समिति ने 4 दिसंबर को अनुमति मांगी है, लेकिन अब तक समिति के पत्र पर पलामू डीसी ने कोई निर्णय नहीं लिया है। प्रार्थी ने इस कार्यक्रम को लेकर पलामू डीसी से अनुमति दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया। जिस पर कोर्ट ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होना, लोगों का मौलिक अधिकार है। इसलिए पलामू डीसी डीसी दो सप्ताह में हनुमंत कथा आयोजन समिति के कार्यक्रम से संबंधित प्रस्ताव को निष्पादित करें। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ऋषभ कौशल ने पक्ष रखा। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि हनुमंत कथा कार्यक्रम की तैयारी के लिए करीब 45 दिन का समय आवश्यक होता है, इसलिए पलामू डीसी से जल्द कार्यक्रम के संबंध में अनुमति दिलाया जाये।

दरअसल, पलामू उपायुक्त ने कई कारण बताते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पलामू के रजवाडीह में 10 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। इसके बाद प्रार्थी ने पूर्व के कार्यक्रम को लेकर दाखिल याचिका को वापस लेते हुए फ्रेश याचिका दाखिल की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.2 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.08 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.26 बजे | |

# विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल कतरपा हरही रोड नगड़ी में वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मना

- मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया
- खेल में विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया
- संपूर्ण खेल में प्रथम बिरसा मुंडा हाउस, द्वितीय नेहरू हाउस और तृतीय गांधी हाउस विजेता रहा


कार्यक्रम में सुरेश साहू, मुख्य स्कूल प्रबंधक।


कार्यक्रम में विद्या रानी, प्रधानाध्यापिका।


कार्यक्रम को संबोधित करते प्रकाश साहू, मैनेजर।


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी।

आशा देवी

पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड के कतरपा हरही रोड स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 2023 का समापन धूमधाम से हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। कहा कि एक स्वस्थ मन और संस्कार युक्त शिक्षा में स्वस्थ और संस्कार पूर्ण समाज का वास होता है। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को पठन-पाठन के क्रम में उन्हें नशापान, दहेज के साथ समाज में नारी का सम्मान करने की शिक्षा दें। कहा कि प्रतिभा को आगे बढ़ायें। अगर खेलकूद, कला, नाटक में रुचि है, तो उसे निखारने के लिए प्राथमिकता दें। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए खेलों के महत्व के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि एमजीएम इंटर कॉलेज बोकारो के प्राचार्य डॉ एमडी मोइन अंसारी, श्यामा प्रसाद यूनिवर्सिटी रांची के कुमार सुमित, डॉ नीरज सिन्हा, अमर कांशी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। खेल में विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। संपूर्ण खेल में प्रथम बिरसा मुंडा हाउस, द्वितीय नेहरू हाउस, तृतीय गांधी हाउस विजेता रहा। समारोह में मुख्य स्कूल प्रबंधक सुरेश साहू, ट्रस्टी किरण देवी, प्रधानाध्यापिका विद्या रानी, मैनेजर प्रकाश साहू समेत अन्य उपस्थित थे।


विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव के दौरान विजेता छात्रों को मेडल प्रदान करते मुख्य अतिथि और अन्य।


स्कूल के कार्यक्रम के दौरान पिरामिड की शक्ल में स्कूल के छात्र।



विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव में करतब दिखातीं लड़कियां और स्लो साइकिलिंग करते छात्र।


वार्षिक महोत्सव के दौरान मंच पर बैठे अतिथिगण।


विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव में डांस करते स्कूल के छात्र।

(फोटो: प्रदीप ठाकुर)

मीडिया मार्केटिंग

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त

# बाबूलाल के स्पीकर पर आरोप से बिफरा सत्ता पक्ष

- कार्रवाई को लेकर हंगामा वेल में आये
- विधानसभा में एजी की रिपोर्ट पेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन भी शुरुआत से ही हंगामा बरपता रहा। बाबूलाल मरांडी के सदन में नहीं बोलने संबंधित बयान के मुद्दे पर अंदर का माहौल गरमाया रहा। इस बार हंगामा की शुरुआत विपक्ष ने नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष ने शुरू की। विधायक प्रदीप यादव ने बाबूलाल मरांडी पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्पीकर के बारे मीडिया में बयान देकर विधानसभा की अवमानना की है। इसलिए उन पर कार्रवाई हो। इस बात को लेकर सत्ता पक्ष के विधायक वेल में आ गये, हंगामा होने लगा।






## ये है पूरा मामला

दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया था कि 1932 विधेयक पास होने के दौरान हो रही चर्चा में वह कुछ बोलना चाहते थे। बार-बार हाथ भी उठाया, लेकिन उन्हें बोलने दिया गया।

## बाबूलाल से माफी मांगें प्रदीप यादव: बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने प्रदीप यादव की बातों को विरोध किया। श्री बाउरी ने कहा कि विधानसभा की खाता-बही की बात करें तो अभी भी प्रदीप यादव जेवीएम के विधायक हैं और बाबूलाल उनके अध्यक्ष। इसलिए प्रदीप यादव को बाबूलाल के बारे में ऐसी बातें शोभा नहीं देती। बाउरी ने प्रदीप यादव को बाबूलाल से माफी मांगने को कहा, जिसका सत्ता पक्ष ने विरोध किया।

## सदन की अवमानना, कार्रवाई हो: प्रदीप

प्रदीप यादव ने कहा कि अगर वह जेवीएम के विधायक हैं, तो फिर इस हिसाब से वह जेवीएम की तरफ से सदन के नेता हैं। ऐसे में बाबूलाल उनसे विचार विमर्श क्यों नहीं करते। बिना बात वह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बने बैठे हैं। इतना कहते ही दोनों पक्षों की तरफ से हंगामा तेज हो गया और स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12.30 बजे तक स्थगित कर दी। विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो हंगामे का दौर फिर से जारी हो गया। प्रदीप यादव ने बाबूलाल का मसला उठाते हुए कहा कि उन पर अवमानना का मामला चले। इस पर स्पीकर ने कहा कि वे इस मामले को देख रहे हैं। मंत्री आलमगीर आलम ने भी सदन से बाहर बाबूलाल द्वारा सदन पर टिप्पणी को लेकर निराशा जतायी।

## सीनियर लीडर हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए: सरफराज



वहीं सरफराज अहमद ने भी कहा कि बाबूलाल मरांडी काफी सीनियर लीडर हैं, फिर भी वे ऐसा कर रहे हैं। इस पर स्पीकर ने कहा कि सब नियमानुकूल होगा।

## चार साल में एक बार भी बोलने का मौका नहीं: सीपी

इसी क्रम में भाजपा विधायक सीपी सिंह ने बाबूलाल मरांडी के पक्ष में कहा कि उन्हें चार सालों से सदन में बोलने का मौका नहीं दिया गया। बुधवार को भी सदन में बोलने के लिए उन्होंने तीन बार हाथ उठाया, पर मौका नहीं मिला। सीपी सिंह ने स्पीकर से कहा कि आखिर उनके मन में बाबूलाल को लेकर क्या भावना है, वे नहीं जानते हैं। जब सदन में बोलने का मौका बाबूलाल को नहीं मिला, तो मीडिया ने उनसे इस संबंध में पूछा। इसी क्रम में उन्होंने अपनी पीड़ा जतायी। आखिर कहीं तो वे अपनी बात रखेंगे। इस दौरान भाजपा विधायक स्पीकर के सामने आकर हंगामा करते रहे। स्पीकर ने उनसे आसन पर जाने का आग्रह किया। अंततः निराश होते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे ठीक पहले विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सदन के पटल पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने एजी की रिपोर्ट रखी।

## विधायक इंद्रजीत के इलाज का उठा मसला



भाजपा के ढुल्लू महतो ने सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के इलाज का मसला उठाया। स्पीकर से आग्रह किया कि उनका हैदराबाद में लंबे समय से चल रहा इलाज रूके नहीं। उनके इलाज के लिए खर्च रूकना नहीं चाहिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष से भी इस पर बात हुई है। उनका ध्यान सदन को है। नीलकंठ सिंह ने कहा कि इंद्रजीत के मामले में सभी विधानसभा सदस्यों को सहयोग करना चाहिए। इस पर स्पीकर ने इसे अच्छा सुझाव बताते कहा कि जिनसे जो बन पड़े, वे मिलकर सहयोग करें।

## लोबिन का खनन में अनियमितता से जुड़ा प्राइवेट बिल बहुमत से अस्वीकृत

रांची (आजाद सिपाही)। सत्ता पक्ष के विधायक लोबिन हेंब्रोम का प्राइवेट बिल बहुमत से अस्वीकृत हुआ। लोबिन हेंब्रम का गैर सरकारी संकल्प पाकुड़ और साहेबगंज जिला में कोयला तस्करी एवं खनन में वित्तीय अनियमितता से संबंधित था। उनका कहना था कि जमीन का अधिग्रहण किये बगैर ही खनन चल रहा है। सरकार बताये कि खनन का काम कैसे चल रहा है। साल 2018 से अब तक करीब सात करोड़ का नुकसान हुआ है। लोबिन हेंब्रोम इस मांग और अड़े थे कि विधानसभा खुद एक कमेटी बना कर इस मामले की जांच कराये। विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने लोबिन हेंब्रम की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जांच कमेटी बननी चाहिए। प्राइवेट बिल वापस लेने के बार-बार आग्रह के बावजूद जब लोबिन हेंब्रोम ने अपना गैर सरकारी संकल्प वापस नहीं लिया, तो स्पीकर ने वोटिंग करा दिया। इसके बाद बहुमत से लोबिन हेंब्रोम का प्राइवेट बिल अस्वीकृत हो गया।

## हेराफेरी हुई है, तो जांच करायेंगे: मंत्री

सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हेराफेरी हुई है, तो राज्य सरकार जांच करा लेगी। ये वेस्ट बंगाल की कंपनी है। उस वक्त की सरकार ने ये आदेश दिया है। लोबिन हेंब्रोम ने कहा सरकार की जांच पर डाउट है। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पहले जांच होने दिया जाये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा, मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** बनते कार्य में रुकावटे खड़ी होगी, जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें ।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, आमदनी बढ़ेगा।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी, भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भरोसा किया ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# भाजपा ने हेमंत सरकार को बताया निकम्मा, तो चंपई ने कहा आदिवासी विरोधी हैं भाजपा के विधायक

## कार्यवाही से पहले धरना-प्रदर्शन का दौर चला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सदन शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सरकार पर हमला बोला। सदन के बाहर विरोध भी जताया। शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित विधायक बिरंची नारायण ने सरकार को युवा विरोधी और निकम्मा बताया। कहा कि नियोजन नीति स्पष्ट करने में सरकार विफल है। उसके चलते लाखों युवा सड़क पर हैं। संविधान की नौवीं अनुसूची में नियोजन नीति को शामिल करने की बात कर वह युवाओं को छलने में लगी है। अनंत ओझा ने भी कहा कि यह युवा विरोधी सरकार है। राज्यपाल ने वाजिब तथ्यों के साथ नियोजन नीति के लिए सुझाव दिये थे, पर सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई। एक बार फिर युवाओं का भविष्य अधर में है। शशिभूषण मेहता ने कहा कि बालू, पानी प्रकृति का उपहार है। पर इस सरकार में इसकी भी लूट है। थानेदारों के रवैये से जनता त्रस्त है। अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि सरकार महिला विरोधी है। परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने सदन के बाहर भाजपा विधायकों को आदिवासी विरोधी बताया। कहा कि जो यहां के आदिवासियों का दर्द समझते हैं, वे नियोजन नीति का समर्थन करेंगे ही। भाजपा इस मामले में आदिवासी विरोधी राह पर है।




## झारखंड आंदोलन के शहीदों को नौकरी में आरक्षण मिले



**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक दशरथ गागराई ने झारखंड आंदोलन में पुलिस की गोली से शहीद लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण तय किये जाने का मामला उठाया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि 20 दिसंबर को इस संबंध में पहल की जा चुकी है। पांच फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गयी है।

# उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी कम होने का मामला उठा

- हर माह 2000 रुपये भत्ता दे सरकार: विनोद
- ग्राम गाड़ी योजना से लड़कियों को फायदा: मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन भोजनावकाश के बाद दोपहर दो बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो इस दौरान सदन में गैर सरकारी संकल्प लाये गये। विधायक विनोद सिंह ने उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी कम होने पर चिंता जतायी। सरकार से इसके लिए लड़कियों को हर माह 2000 रुपये परिवहन भत्ते के तौर पर देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार हर जिला मुख्यालय, विधानसभा क्षेत्र में भी अगर डिग्री कालेज खोल देगी, तब भी लड़कियों के लिए समस्या बनी रहेगी। ऐसे में परिवहन भत्ता सरकार दे। यदि ग्राम गाड़ी योजना का ठीक से लाभ ना मिला, तो सरकार इस बजट में या अगले वित्तीय वर्ष में प्रावधान करे।इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भरोसा दिया कि ग्राम गाड़ी योजना राज्य में शुरू होने से लड़कियों को फायदा होगा। हर पंचायत, गांव को कवर करते हुए रूट तय होगा। इसके अलावा तकनीकी, गैर तकनीकी विषय के स्टूडेंट के लिए छात्रवृत्ति योजना और अन्य प्रावधान भी किये गये हैं। सरकार को पूरा भरोसा है कि ऐसे प्रयासों से लड़कियों को और उच्च शिक्षा में उन्हें प्रोत्साहित करने में सफलता मिलेगी।



# अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप स्कीम में फर्जीवाड़ा

- 60 प्रतिशत संस्थानों में फर्जी-अपात्र को मिली छात्रवृत्ति
- एजी ने जारी किया डीबीटी पर प्रतिवेदन
- सरकार से वृहत जांच और कार्रवाई की अनुशंसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत के नियंत्रक महालेखाकार का झारखंड में डीबीटी प्रतिवेदन-2023 गुरुवार को जारी किया गया। महालेखाकार कार्यालय रांची में इसे जारी किये जाने से पूर्व विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी प्रस्तुत किया गया। इसमें अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप स्कीम में गड़बड़झाला की बात सामने आयी है। कहा गया है कि 60 प्रतिशत संस्थानों में फर्जी-अपात्र को छात्रवृत्ति का लाभ दे दिया गया है। इस संबंध में एकाउंटेंट जनरल झारखंड अनुप फ्रांसिस डुंगडुंग ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि लोगों को समय पर सरकार से मिलने वाले लाभों के लिए डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) का उपयोग किया जाता है। झारखंड में डीबीटी 2017-21 में नवंबर 2021 से मई 2022 के दौरान छह चयनित जिलों चतरा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, पलामू और रांची में सोशल सिक्योरिटी पेंशन स्कीम और स्कॉलरशिप स्कीम में डीबीटी के प्रभाव की पड़ताल की गयी। झारखंड में इ-कल्याण जैसे विशिष्ट आइटी प्लेटफार्म के उपयोग का भी मूल्यांकन इन जिलों में हुआ।

एजी के मुताबिक राज्य में स्कॉलरशिप योजना के क्रियान्वयन में कमी देखी गयी। छात्रवृत्ति के लाभ के मामले में जिला कल्याण पदाधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस स्टूडेंट्स का तैयार नहीं किया गया। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना का कार्यान्वयन भी बहुत निराशाजनक रहा। लेखा परीक्षण में नमूना जांच किये गये 60 प्रतिशत संस्थानों में फर्जी लाभार्थियों को लाभ दिये जाने का पता लगा। छात्रवृत्ति का लाभ और इससे संबंधित राशि 1.17 करोड़ रुपये ऐसे संस्थानों को भी दिया गया, जिन्होंने खुद को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया था। साथ ही छात्रवृत्ति धोखाधड़ी की जांच के लिए धनबाद में बनायी गयी जिला स्तरीय समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में आवेदन के फर्जी अनुमोदन में (9.99 करोड़) आवेदन सत्यापन करनेवाले अधिकारियों की भूमिका की पुष्टि भी हुई है।



### सामाजिक सुरक्षा पेंशन में हो रही परेशानी

एजी अनुप फ्रांसिस डुंगडुंग ने बताया कि सार्वभौमिक आच्छादन के लिए योग्य लाभार्थियों का संपूर्ण आंकड़ा, जिला, राज्य स्तर पर पूर्ण रूप से तैयार नहीं किया गया। लाभार्थियों के बीच पेंशन के वितरण में विलंब के कारण आवेदकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वर्ष 2017-21 के दौरान योजना का सामाजिक अंकेक्षण भी नहीं कराया गया।

### इ-कल्याण का आइटी ऑडिट

एजी ने बातचीत में बताया कि राज्य में इ- कल्याण एप्लीकेशन जनवरी 2015 से शुरू हो गया था, पर इसमें जून 2022 तक सुविधाएं शामिल नहीं की गयीं। एप्लीकेशन को आधार इ-केवाइसी के साथ एकीकृत नहीं किया गया था। यह बैंकों से भी नहीं जुड़ा था। एप्लीकेशन को राष्ट्रीय इ-छात्रवृत्ति पोर्टल पर जून 2022 तक ट्रांसफर नहीं किया गया। परियोजना प्रबंधन इकाई नवंबर 2017 से क्रियाशील नहीं थी। इसके कारण इ-कल्याण की निगरानी व्यवस्था अप्रभावी रही।

### सरकार को की गयी अनुशंसा

एजी ने डीबीटी के बेहतर उपयोग के लिए अपनी अनुशंसा भी दी है। इसमें एससी, एसटी, बीसी के छात्रवृत्ति के लिए सभी पात्र लाभार्थियों का इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस रखने को कहा है। आवेदनों की पात्रता के सत्यापन की भी जरूरत बतायी है। भुगतान के लिए निगरानी और नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने को भी कहा है। अल्पसंख्यकों के स्कॉलरशिप के मामले में भी राज्य सरकार से पूरे राज्य में वित्तीय अनियमितताओं की रोकथाम के लिए जांच शुरू करने की सलाह दी है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की भी अनुशंसा की है। साथ ही कहा गया है कि सरकार लाभार्थियों को समय पर पेंशन वितरण सुनिश्चित कर सकती है। नियंत्रण तंत्र को मजबूत किया जा सकता है।

# विधानसभा घेरने जा रहे पंचायत सचिवालय संघ के सदस्यों पर पुलिस ने बरसायीं लाठियां

## आंसू गैस के गोले छोड़े, वाटर कैनन से पानी की बौछार, कई घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सदन की कार्यवाही चल रही थी। इस दौरान विधानसभा से कुछ दूरी पर अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विभिन्न संगठनों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी पुलिस का घेरा तोड़ कर विधानसभा की ओर घेराव करने के लिए आगे बढ़ रहे थे, जिन्हें रोकने के लिए वहां पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठियां बरसायीं।

प्रदर्शन कर रहे लोगों को रोकने के जवानों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले और वाटर कैनन भी छोड़े। लाठी चार्ज के दौरान कई प्रदर्शनकारी घायल भी हुए हैं। दरअसल, पंचायत सचिवालय स्वंयसेवक संघ के सदस्य विधानसभा का घेराव करने के लिए पुलिस का घेरा तोड़ कर आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान सुरक्षा बल के जवानों ने बैरिकेडिंग के पास उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे दूसरी तरफ की बैरिकेडिंग को भी तोड़ कर आगे बढ़ने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने बल प्रयोग किया। इस बीच सुरक्षा बल के जवानों और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की और नोंक-झोंक भी हुई। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गयी।



## आराध्या महिला समिति ने कंबल वितरण किया



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आराध्या महिला समिति आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल की अध्यक्षा प्रियंका सिंह द्वारा ग्राम उर्सु में बुजुर्ग, असहाय, विधवा के बीच कंबल का वितरण किया। यह सामाजिक कार्यक्रम अर्पिता महिला मंडल सीसीएल की अध्यक्ष शोभा रेड्डी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर 20 लोगो के बीच में कंबल का वितरण किया गया। जबकि कुल 100 कंबल उपलब्ध कराया गया है, जिसे सूचि अनुसार वितरण कर दिया जायेगा। इस समाजसेवी शीतली देवी, आराध्या महिला समिति के सदस्य ममता पांडा, अंजनी शर्मा समेत अन्य उपस्तिथ थे।

### उपराष्ट्रपति की नकल और भाजपा विधायकों के निलंबन के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

# कांग्रेस पूरे देश में समाप्त होने के कगार पर : अविनेश

**भाजपाइयों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भाजपा के तीन विधायक के निलंबन के विरोध में गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में महा आक्रोश रैली निकाल कर विरोध जताया। रैली छत्तरमांडू स्थित होटल टी एंड ट्रीट से आरंभ होकर जिला समाहरणालय पहुंची। इस दौरान भाजपाइयों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही हाथों में तख्तियां लिए सरकार खिलाफ आलोचना किया। मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस द्वारा नकल उतारा जाना काफी निंदनीय है। कहा कि अपने आचरण के कारण कांग्रेस पूरे देश से समाप्त होने के कगार पर पहुंच गयी है। उपराष्ट्रपति का नकल उतारना एक संवैधानिक पद का अपमान है। पूरे देश की जनता में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है।




### उपराष्ट्रपति का अपमान, देश के हर एक व्यक्ति का अपमान : राकेश

पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा देश के उप राष्ट्रपति का अपमान कहीं से बर्दास्त नहीं किया जायेगा। यह अपमान देश के हर व्यक्ति की है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना कर रहा है। जिस संवैधानिक पद की गरिमा को इन लोगों ने तार-तार किया है उसका सबक उन्हें चुनाव में मिल जायेगा। इसके अलावा भाजपा ने झारखंड विधानसभा से निलंबित किए गये तीन भाजपा विधायकों पर भी कड़ी आलोचना की है। प्रदर्शन के बाद भाजपा ने जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपा।

### आक्रोश मार्च में ये थे शामिल

लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रंजीत पांडेय, नारायण चंद भौमिक, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ संजय कुमार सिंह, रंजन फौजी, बलराम महतो, आनन्द बेदिया, महेंद्र प्रजापति, संजीव कुमार बावला, किरण देवी, राजीव पामदत्त, दीनदयाल कुमार, प्रवीण कुमार सोनू, जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरी, दीपक सोनकर, सहदेव ठाकुर, प्रिया करमाली, सुरजीत सिंह छाबड़ा, राजेश ठाकुर, कुंमेल उरांव, विजय ओझा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिन्हा, ऋषिकेश सिंह, राजेश करमाली, दिलीप सिंह, भीमसेन चौहान, संतोष कुमार शर्मा, एहसानुल हक, दिलीप प्रसाद, नारायण महतो, राजेश सोनी, प्रेम रविदास, गौतम राम, सुरेश कुमार, सुरेश महतो सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आरा में एक युवक ने लगायी फांसी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के आरा कोलियरी स्थित माइनस क्वार्टर में रहने वाले एक युवक ने बुधवार की देर रात कमरे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी परिजनों को गुरुवार की सुबह हुइ। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार, बड़कीपुन्नू (बोकारो) निवासी असनुल अंसारी का 21 वर्षीय पुत्र मासूम अंसारी बचपन से ही अपने नाना के घर आरा कोलियरी में रहकर पढ़ाई कर रहा था। युवक मासूम डीएवी आरा स्कूल का एक मेधावी छात्र था। सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता के बाद वह दिल्ली स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करना चाह रहा था। लेकिन भारी भरकम फीस की व्यवस्था नहीं होने की वजह से वह पिछले कुछ दिनों से हताशा की स्थिति में था।

### बाइक की डिक्की से एक लाख रुपये उड़ाये



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के आरा-सारूबेडा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के समीप फल दुकान के सामने खड़ी बाइक की डिक्की तोड़कर गुरुवार दिन करीब एक बजे उच्चको ने डिक्की में रखे एक लाख रुपये नगदी उड़ा लिये। भुक्तभोगी को घटना की जानकारी फल दुकान से लौटने के बाद हुई। इधर, मामले को लेकर नावाडीह बड़गांव निवासी सह सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी महावीर महतो पिता स्व जानकी महतो ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर मैंने बैंक ऑफ इंडिया कुजू शाखा से एक लाख रुपये की निकासी की। बैंक से निकाले गये रुपए को मैंने बाइक संख्या जेएच 24 बी-5880 की डिक्की में रखकर डिक्की को अच्छी तरह से लॉक कर दिया। इसके बाद बाइक स्टार्ट कर अपने पुत्र महेश प्रजापति के साथ सारूबेडा बाजार पहुंचा। वहां फल दुकान के सामने बाइक को खड़ी कर पुत्र व मैं फल खरीदने लगा। फल खरीद कर वापस आते ही मैंने बाइक की डिक्की खुला पाया। जब अंदर देखा उसमें रखा पैसा और बैंक पासबुक दोनों ही गायब थे। इस मामले को लेकर भुक्तभोगी महेश प्रजापति द्वारा कुजू ओपी में आवेदन देते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महावीर महतो ने बताया कि उक्त रुपया जमीन खरीदगी हेतु कुजू बैंक से निकासी किया था।

### गोपाल शर्मा के निधन पर भुरकुंडा में शोकसभा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ निवासी सह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्य गोपाल शर्मा के आकस्मिक निधन पर भुरकुंडा के व्यावसायिक संघ ने गहया शोक प्रकट किया है। शोक संवेदना प्रकट करते हुए रामगढ़ चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल ने कहा कि मृदुलभाषी, मिलानसार व्यक्तित्व के मालिक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी गोपाल शर्मा का यूं चले जाना काफी दुखद है। हर समाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना सहित व्यावसायिक हितों की रक्षा हेतु हमेशा तैयार रहना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। उन्होंने कहा की गोपाल शर्मा का जाना रामगढ़ जिले ने लिए अपूरणीय क्षति है। हमने एक अच्छा समाजसेवी सह नेतृत्वकर्ता को खो दिया है, लेकिन उनकी यादें हमेशा हमसबों के दिलों में जिन्दा रहेगा। गुरूवार को भुरकुंडा में शोकसभा का आयोजन हुआ। इसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोक प्रकट करने वालो मे अशोक कुमार, शिव गुप्ता, दिनेश साव, अजय गुप्ता, सुरेश केसरी, श्याम सिंह, अजय गोयल, विजय वर्णवाल, किशन बंसल, अशोक सोनी, दिनेश राजगढ़िया, जीवन गुप्ता, संजय अग्रवाल, परमजीत सिंह धामी, अधिवक्ता रॉकी अग्रवाल सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

### जरूरतमंदों की सेवा ही लक्ष्य: राजेश ठाकुर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सुभाष चौक आसपास समीप रिक्शा चालकों के बीच गरम कपड़ा का वितरण किया गया। जिसमें कंबल जैकेट स्वेटर टोपी मौजा का वितरण किया गया। जिन रिक्शा चालको मजदूरों के बीच गरम कपड़ा नहीं था उनको सह सम्मान वितरण किया गया। वितरण समाजसेवी उमेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर उपस्थित थे। ठाकुर के द्वारा रिक्शा चालकों को सम्मान पूर्वक गरम कपड़ा पहनाया गया। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड में दैनिक मजदूर रिक्शा चालक ठंड में अपनी सेवा दे रहे हैं। उनको देखते हुए कुछ गरीब रिक्शा चालकों को यह सम्मान दिया गया है। आने वाला समय में और भी गरम कपड़ा का वितरण किया जायेगा। समाज सेवा ही एक लक्ष्य है। मौके पर उमेश कुमार, अमित कुमार, बंटी कुमार आदि उपस्थित थे।

### बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की जाये

**कुंदा/ चतरा।** बढ़ते ठंड को देखते हुए मुखिया मनोज कुमार साहू द्वारा कुंदा दुर्गा मंडप प्रांगण के समीप अलाव की व्यवस्था किया गया। इस दौरान कुंदा बीडीओ बिपिन कुमार भारती, जेई रवि कुमार,मुखिया मनोज कुमार साहू ने कंपकपाती ठंड में अलाव जलाया। मौके पर कुंदा बीडीओ बिपिन कुमार भारती ने बढ़ते ठंड को देखते हुवे मनोज साहू, समेत अन्य मुखियाओं से अपने पंचायत के चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

### शांति देवी जैन मेमोरियल अंडर-16 स्कूल-क्लब लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

# गुरुनानक पब्लिक स्कूल फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित छावनी फुटबॉल मैदान में शांति देवी जैन मेमोरियल अंडर-16 स्कूल/क्लब लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच शाइन क्रिकेट अकादमी बनाम गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बीच आखिरी लीग मैच खेला गया। गुरुनानक पब्लिक स्कूल टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35-35 ओवर का मैच में गुरु नानक पब्लिक स्कूल बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर मै 64/10 बना कर आलआउट हो गयी। शाइन क्रिकेट अकादमी जबाबी पारी खेलते हुए 20.2, ओवर मे 49/10 पर ऑल आउट हो गयी। इस प्रकार गुरु नानक पब्लिक स्कूल 15 रन से मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित किया। आगामी 24 दिसंबर को छावनी फुटबॉल मैदान में गुरुनानक पब्लिक स्कूल बनाम रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मैच खेला जायेगा। साथ ही प्राइस परितोषित कार्यक्रम मैच समाप्ति के उपरांत किया जायेगा। गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बलेबाज चिरागनाथ 16 रन अतिरिक्त 29 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई की आंकड़ा को छू नहीं पाए और मात्र 64 रन बनाकर पूरे ओवर खेले बगैर टीम पवेलियन लौट गयी। शाइन क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज रोहित कुमार 4.5ओवर मै 13 रन दे कर 5 विकेट एवं शिवम गोप 4,19/2, पवन और शर्मा को 1-1 विकेट मिला। शाइन क्रिकेट अकादमी के कोई भी बल्लेबाज दहाई तक भी नही पहुंच पाया। अतिरिक्त 21 रन के अलावा, गुरुनानक पब्लिक स्कूल के गेंदबाज बिट्टू यादव 7,21/4 एवं रोशन कुमार,आयुष कुमार, निवास कुमार को एक-एक विकेट मिला। आरसीए सचिव अरुण कुमार राय दोनों टीमों को शुभकामना व बधाई देते हुए गुरुनानक पब्लिक स्कूल को वर्तमान सत्र के फाइनल में पहुंचने पर बधाई दिया।

# ओम साई अल्ट्रासाउंड को किया गया सील

**उपायुक्त ने अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र पर कार्रवाई करते हुए कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाये जाने का दिया निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त आवास स्थित गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला परामर्श समिति (पीसीपीएनडीटी) की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त के समक्ष कुल आठ अल्ट्रासाउंड के पंजीकरण से संबंधित अभिलेखों सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। उपायुक्त द्वारा प्राप्त सभी अल्ट्रा साउंड दस्तावेजों का क्रमवार अवलोकन किया गया। जिसमें सात आवेदकों के दस्तावेज में कमी पाई गयी। जिसे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी त्रुटियों को अगली बैठक में दुरुस्त करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देशित किया कि संचालक चिकित्सकों का झारखंड सरकार से पंजीकृत होना आवश्यक है, साथ ही जमीन संबंधित दस्तावेज की भी जांच करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर की मासिक रिपोर्ट की भी समीक्षा की। इस क्रम में जिन-जिन अल्ट्रासाउंड के द्वारा रिपोर्ट समर्पित नहीं किया गया था उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 15 दिनों का समय दिया गया। बावजूद रिपोर्ट जमा नहीं करने वालों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का निर्देश दिया।

ओम साईं अल्ट्रासाउंड के विरुद्ध मिली पीसीपीएनडीटी एक्ट के उलंघन के प्राप्त शिकायत पर जांचोपरांत उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर सिविल सर्जन के नेतृत्व में तथा दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी चतरा व सदर थाना पुलिस के मौजूदगी में अल्ट्रसाउंड केंद्र को सील किया गया। उपायुक्त ने बढ़ते भ्रूण हत्या पर चिंता जाहिर की और इसे रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने तथा जितने भी अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं उनपर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाये जाने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, शिशु रोग विशेषज्ञ सदर अस्तपताल चतरा, महिला चिकित्सक डॉ सिंड्रेला बालमुचु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चतरा, रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से उद्यमिता के सपने हो रहे साकार : शशि चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत टंडवा पंचायत भवन में मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, स्थानीय मुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इन सबों की मौजूदगी में हमारा संकल्प विकसित भारत का शपथ लिया गया। और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि हर क्षेत्र में हर नागरिक तक बिना भेद भाव के हर मूलभूत सुविधा पहुंचाते हुये गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान मोदी सरकार में हुआ है। किसानों के लिए छः हजार रूपए प्रति वर्ष की प्रत्यक्ष आय सहायता दी जा रही है। युवा शक्ति को कुशल बनाया जा रहा है। महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से नये भारत की सारी व्यवस्था अत्याधुनिक हो रहा है। इस मौके पर विशेष रूप में शिक्षा व स्वस्थ्य विभाग के गणेश प्रसाद साहु मंडल महामंत्री सह पीएम विश्वकर्मा योजना के विधनसभा संयोजक सुनील चौरसिया, बिजली विभाग विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, बीपीओ टंडवा सुबोध पासवान, वार्ड सदस्य गण समेत सैकडों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

# खेल-कूद जीवन का अभिन्न हिस्सा : बिजयंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंग्लाइज विद्यालय में सत्र का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता गुरूवार को संपन्न हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डॉ गजाधर महतो प्रभाकर एवं प्राचार्य बिजयंत कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न सदनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने सदन को विजय दिलाने का भूरपूर प्रयास किया। प्रतियोगिता में जलेबी दौड़, माला दौड़, तीन पैरों की दौड़, मेंढक दौड़, पूछ तोड़, 50, 60, व 70 मीटर की दौड़, चम्मच-गोली दौड़, सब्जी बाजार दौड़ और मिठाई दौड़ आदि खेल-कूद हुए। सफल प्रतिभागियों को 23 दिसंबर को वार्षिकोत्सव के दिन अतिथियों द्वारा मेडल व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्य बिजयंत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, कंचन सोनी, कंचन दास, शीला बेदिया, शबाना खातून, जय किशोर प्रसाद महतो, धर्मेश कुमार सोनी, शंभू प्रसाद, निरंजन दुबे, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, सिद्धार्थ कुमार, मोहनलाल बेदिया, सूरज देव सिंह, विश्वक सेन, गीता प्रसाद, अजीत शर्मा, मिथिलेश बेदिया, सुनील साव, नीतू सिंह, सीमा मुंडा, कृष्ण कुमार अंबष्टा, अंजली सिन्हा, पूनम सिन्हा, रुचि सिंह, सरिता कुमारी, प्रिया सिंह, काजल बनर्जी, सोनी कुमारी, बबीता सिंह, शीला देवी, सपना मिंज, वर्षा टेटे, ट्विंकल पॉल, सुनीत एक्का, पूजा हेंब्रम सहित शिक्षक-शिक्षेकत्तर कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### सीएम के चतरा आगमन की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

# अधिकारियों को ससमय तैयारी पूरी करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** अगामी 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने चतरा जिले के सिमरिया प्रखण्ड अंतर्गत कर्बला मैदान में आगमन निर्धारित है। इसे लेकर उपायुक्त श्श अबु इमरान सिमरिया प्रखंड के कर्बला मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया तथा हैलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी की जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा ससमय सभी प्रकार की तैयारी को पूर्ण कर लिया जाय।

इस मौके पर डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया नितु सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में खेल प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**टंडवा।** इंट्रा-रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2023 का एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में शानदार समापन हुआ, नॉर्थ कर्णपुरा ने गर्व से अपने उद्घाटन आइआरएसएम शतरंज टूर्नामेंट की मेजबानी की, जिसमें पूरे क्षेत्र की सम्मानित टीमों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। भाग लेने वाली टीमों में एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा, एनटीपीसी बोंगाइगांव, दर्लिपल्ली, तालचेर थर्मल और तालचेर कनिहा असम और ओडिशा से शामिल थे। भव्य समापन और पुरस्कार वितरण समारोह सुभाष चंद्र बोस सभाघर में हुआ, जिसमें उल्लेखनीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। पार्थ मजूमदार, रेड इआर-II मुख्यालय, एसके पांडा, एचओपी नॉर्थ कर्णपुरा, वसुधा लेडीज क्लब, इआर-II मुख्यालय की अध्यक्ष महुआ मजूमदार और वसुंधरा लेडीज क्लब, एनकेएस टीपीपी की अध्यक्ष अलका नंदा पांडा, उन विशिष्ट अतिथियों में शामिल थीं जिन्होंने कार्यक्रम के महत्व को बढ़ाया। व्यक्तिगत वर्ग में, तालचेर कनिहा के फाल्गुन अजुगिया ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। दर्लिपल्ली के अविनाश ने प्रशंसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुये उपविजेता स्थान हासिल किया और प्रतियोगिता में बढ़त हासिल की। विजेता टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय चक्रधर साहू के प्रबंधकीय मार्गदर्शन में फाल्गुन अजुगिया, बिशाल गौरव और टी. किरण कुमार जैसे खिलाड़ियों को दिया गया। वहीं उत्तरी कर्णपुरा ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। टीम के सराहनीय प्रदर्शन का श्रेय मल्लिकार्जुन रेड्डी, हिमांशु सिंह गौर और मृत्युंजय जयसवाल को जाता है। इंट्रा-रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2023 ने न केवल खेल भावना का जश्न मनाया, बल्कि भाग लेने वाली टीमों के बीच सौहार्द को भी बढ़ावा दिया। प्रतिभा को पहचानने के लिए एनटीपीसी करणपुरा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

### कैंब्रिज इंग्लिश स्पोकन क्लास का उद्घाटन



**हंटरगंज/ चतरा।** मुख्य बाजार स्थित पानी टंकी के समीप इंदर सिंह के मकान में बुधवार को कैंब्रिज इंग्लिश स्पोकन क्लास का उद्घाटन किया गया। संचालक अभिषेक रंजन द्वारा बताया गया कि इंस्टिट्यूट में इंग्लिश स्पोकन काफी अच्छा ढंग से सिखाया जायेगा। जिससे बच्चे बहुत सरल तरीके से इंग्लिश बोल पायेंगे। इस कोचिंग में चौथे वर्ग के बच्चे से लेकर 12वीं कक्षा के बच्चों को इंग्लिश स्पोकन सिखाया जायेगा। सभी कार्य में इंग्लिश की जरूरत पड़ती है। इसके बाद खुटेहरा गांव पहुंचें जहां उरैली पंचायत के उप मुखिया पिंटू सिंह की धर्म पत्नी के श्राद्ध क्रम में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष गुंजित कुमार सिंह , साकेत बिहार सिंह, प्रणव कुमार, नागेंद्र सिंह, कुंदन सिन्हा ,मनजीत सिंह के अलावा कई लोग उपस्थित थें।


**NAME CHANGE**

शपथ पत्र सं.: 2141, दिनांक: 13.12.2023 के अनुसार मैं अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN ) पिता स्व. अब्दुल गफुर ( LATE ABDUL GAFUR), उम्र-लगभग 73 वर्ष, जाति-कलाल एराकी, धर्म-इस्लाम (मुस्लीम) पेशा-कृषि, राष्ट्रियता-भारतीय, पता-ग्राम-मिश्रौल, पो.-खद्यैया, थाना-टण्डवा,जिला-चतरा (झारखण्ड), पिन कोड - 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि :-
1.यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ।
2.यह कि मेरे पैन कार्ड सं.-BBQPH8872M एवं आधार कार्ड सं.-9536 9199 8893 में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN) पिता अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) है। जो मेरा एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्म तिथि-01/01/1950 है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरी पत्नी का नाम अशरूननिशा (ASHRUNNISA) है।
5. यह कि मेरे पासपोर्ट सं.-H3883829 एवं पासपोर्ट फाईल नं. RCHA00867009 में भूलवश मेरा नाम अब्दुल हुसैन ( ABDUL HUSSAIN), मेरे पिता का अब्दुल गौर (ABDUL GAUR ) एवं पत्नी का नाम असारून निशा (ASARUN NISHA) हो गया है।
6. यह कि मेरे उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा जन्म तिथि भी भूलवश 12/06/1946 अंकित हो गया है।
7. यह कि मैं अपने उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN ), मेरे पिता का नाम अब्दुल गफुर ( ABDUL GAFUR ) एवं मेरी पत्नी का नाम अशरूननिशा (ASHRUNNISA) करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रहा हूँ।

**NAME CHANGE**

शपथ पत्र सं.: 2142, दिनांक: 13.12.2023 के अनुसार मैं, अशरूननिशा (ASHRUNNISA) पति अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN), उम्र - लगभग 75 वर्ष, जाति-कलाल एराकी, धर्म-इस्लाम (मुस्लीम), पेशा-कृषि, राष्ट्रीयता-भारतीय, पता-ग्राम-मिश्रौल, पो.-खद्यैया, थाना -टण्डवा, जिला-चतरा , (झारखण्ड), पिन कोड - 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे वोटर आई. डी. कार्ड सं.-MNK2216208 एवं आधार कार्ड सं.-4530 4302 0375 में मेरा नाम अशरूननिशा (ASHRUNNISA) पति अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN ) है । जो मेरा एवं मेरे पति का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्म तिथि - 01/01/1948 है जो मेरे आधार कार्ड एवं वोटर आई. डी. कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरे पासपोर्ट सं.-H3883830 एवं पासपोर्ट फाईल नं.- RCHA00867309 में भूलवश मेरा नाम अशरून निशा (ASARUN NISHA ) एवं जन्मतिथि-18/09/1953 अंकित हो गया है।
5. यह कि मैं अपने उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अशरूननिशा (ASHRUNNISA) एवं जन्म तिथि - 01/01/1948 करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रही हूँ।

## सुधार जारी रहें

लोकसभा में सोमवार को पेश किये गये टेलिकम्युनिकेशंस बिल, 2023 में लाइसेंसिंग और स्पेक्ट्रम एलोकेशन सहित इस सेक्टर के रेग्युलेटरी मैकेनिज्म में बड़े बदलावों का प्रस्ताव किया गया है। यह बिल कानून बन जाने के बाद इंडियन टेलिग्राफ एक्ट 1885, वायरलेस टेलिग्राफ एक्ट 1933 और टेलिग्राफ वायर्स (अनलॉफुल पजेशन) एक्ट 1950 जैसे कानूनों की जगह लेगा। ये कानून तेजी से बदलते इस क्षेत्र के लिए पुराने पड़ते जा रहे थे और इन्हें बदलने की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी, लेकिन इस बिल में प्रस्तावित बदलावों पर विचार करने से पहले पिछले दस वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों और उनके परिणामों पर एक नजर डाल लेना बेहतर होगा। सरकार ने इस दौरान एजीआर यानी एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू की परिभाषा, बैंक गारंटी की जरूरत में तो बदलाव किया ही, डब्ल्यूपीसी यानी वायरलेस प्लानिंग एंड कोऑर्डिनेशन विंग की प्रक्रिया में भी पूर्ण सुधार किया। राइट्स ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) की प्रक्रिया भी आसान बनायी गयी और वाजिब शुल्क निर्धारित किये गये। यही नहीं सुरक्षा उपायों के साथ 100 फीसदी एफडीआइ की भी इजाजत दी गयी। 2जी एलोकेशन को लेकर हुए विवाद और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसे अवैध करार दिये जाने के बाद इस क्षेत्र में जो शिथिलता दिखने लगी थी, वह इन सुधारों से दूर हुई। इसका असर भी इंडस्ट्री पर दिखा। बीटीएस यानी बेस ट्रांससीवर स्टेशन की संख्या इस दौरान 6.25 लाख से बढ़कर 25.5 लाख हो गयी। ब्रॉडबैंड इंटरनेट के उपभोक्ता 1.5 करोड़ से बढ़ कर 85 करोड़ हो गये। आरओडब्ल्यू मंजूरी में लगने वाला औसत समय 230 दिनों से घट कर 10 दिन हो गया। परिणाम यह कि 3 लाख करोड़ के अधिक एजीआर के साथ टेलिकॉम अब एक सनराइज सेक्टर के रूप में देखा जा रहा है। टेलिकम्युनिकेशंस बिल 2023 इन्हीं सुधारों की कड़ी को आगे बढ़ा रहा है। इसके मुताबिक स्पेक्ट्रम सौंपने का मुख्य तरीका ऑक्शन होगा। एडमिनिस्ट्रेटिव असाइनमेंट केवल जनहित (जैसे मेट्रो, सामुदायिक रेडियो) सरकारी कार्य (जैसे रक्षा, रेलवे, पुलिस) और उन क्षेत्रों तक सीमित होगा, जिनमें तकनीकी या आर्थिक कारणों से ऑक्शन को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। इसमें काम में न लाये जाने वाले स्पेक्ट्रम सरकार को लौटाने का भी प्रावधान है। भूलवश कानून का उल्लंघन होने पर स्वेच्छा से अपनी गलती मानने का विकल्प है। विवाद निपटाने के लिए भी बहुस्तरीय व्यवस्था है और इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रखा गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इंटरसेप्शन के कुछ अधिकार सरकार के पास होने जरूरी हैं। फिर भी कुछ हलकों में इससे जुड़े पहलुओं पर चिंता है। लेकिन इस चिंता का औचित्य और उसका हल सही अर्थों में तभी सामने आयेगा जब यह बिल कानून बनेगा और इसके उपयोग या दुरुपयोग से जुड़े पहलू व्यवहार में दिखने शुरू होंगे।

**विवाद निपटाने के लिए भी बहुस्तरीय व्यवस्था है और इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रखा गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इंटरसेप्शन के कुछ अधिकार सरकार के पास होने जरूरी हैं। फिर भी कुछ हलकों में इससे जुड़े पहलुओं पर चिंता है।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**महान योगी श्रीश्री परमहंस योगानंद ने अपनी पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' (महर्षि वेदव्यास विरचित श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद एवं व्यापक व्याख्या) में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने आदर्श शिष्य अर्जुन को प्रदान किये गये इस वचन का अनुवाद इन शब्दों में किया है, 'यदि तुम सभी अहं-प्रेरित कर्तव्यों को त्याग कर, मेरे निर्देशानुसार सभी दिव्य कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए मेरे साथ समाधि में रहते हो, तो तुम मुक्त हो जाओगे।'**

# श्रीमद्भगवद्गीता : सफल जीवन के लिए दिव्यामृत

संध्या एस नायर

## गीता जयंती पर विशेष






श्री श्री परमहंस योगानंद

**भगवान श्रीकृष्ण (गुरु अथवा जाग्रत आत्मचेतना अथवा ध्यान से उत्पन्न अंतर्ज्ञान) की सहायता से, अपने राज्य को अहंकार और उसकी बुरी मानसिक प्रवृत्तियों की सेना के अधिकार से मुक्त कराने के लिए और ब्रह्म की सर्वसंतुष्टिदायक संप्रभुता स्थापित करने के लिए भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक युद्ध आवश्यक है।**

सर्वधर्मांपरित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।।

(अन्य सभी धर्मों (कर्तव्यों) का त्याग करके मात्र मेरी ही शरण में रहो; मैं (उन कम आवश्यक कर्तव्यों को न करने से उत्पन्न) सब पापों से तुम्हें मुक्त कर दूंगा। शोक मत करो!) – अध्याय 18, श्लोक 66

महान योगी श्रीश्री परमहंस योगानंद ने अपनी पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' (महर्षि वेदव्यास विरचित श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद एवं व्यापक व्याख्या) में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने आदर्श शिष्य अर्जुन को प्रदान किये गये इस वचन का अनुवाद इन शब्दों में किया है, 'यदि तुम सभी अहं-प्रेरित कर्तव्यों को त्याग कर, मेरे निर्देशानुसार सभी दिव्य कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए मेरे साथ समाधि में रहते हो, तो तुम मुक्त हो जाओगे।'

योगानंदजी, जो आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ, 'योगी कथामृत' के लेखक हैं और जिन्होंने एक शताब्दी से भी अधिक पूर्व योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की थी, कहते हैं कि गीता के मात्र सात सौ श्लोकों में ब्रह्मांड का संपूर्ण ज्ञान समाया हुआ है और ईश्वर की ओर वापसी के पथ पर व्यक्ति जहां कहीं भी हो, उसकी यात्रा के उस खंड पर गीता अपना प्रकाश डालेगी।

**प्रत्येक व्यक्ति को कुरुक्षेत्र का अपना युद्ध स्वयं लड़ना है।**

योगानंदजी का गीता की व्याख्या का कार्य अनेक वर्षों पूर्व उनके गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी और परमगुरुओं श्रीश्री लाहिड़ी महाशय और महावतार बाबाजी के अंतर्ज्ञानात्मक मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ था। बाबाजी ने उसी पवित्र क्रियायोग प्रविधि को पुनरुज्जीवित किया था, जिसका भगवान श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता में दो बार उल्लेख किया गया है। जैसा कि योगानंदजी ने स्पष्ट किया है, 'एक ईश्वर-प्राप्त गुरु की सहायता से व्यक्ति अंतर्ज्ञानात्मक बोध की कुंजी के प्रयोग के द्वारा भाषा और अस्पष्टता के कठोर कवच को खोल कर धर्मग्रंथों के वचनों में निहित सत्य के मूल तक पहुंचना सीखता है।'

गुरुदेव ने गीता की गहन दार्शनिक अवधारणाओं की अंतिम समीक्षा और विस्तृत विवरण 1952 में अपनी महासमाधि से पूर्व के कुछ महीनों में कैलिफोर्निया के मोहावि रेगिस्तान में स्थित एक छोटे से आश्रम में एकांत में की थी। वहां के बारे में स्मरण करते हुए एक संन्यासी ने बताया कि जहां योगानंदजी कार्य कर रहे थे, उस कमरे का स्पंदन अविश्वसनीय था; वह ईश्वर में प्रवेश करने जैसा था।

योगानंदजी के इस अनूठे प्रयास का उद्देश्य गीता को अपनी अवधारणाओं के अनुसार या बौद्धिक रूप से तोड़-मरोड़ कर समझना और समझाना नहीं था, अपितु संसार को श्रीकृष्ण और अर्जुन के मध्य वास्तविक संवाद की व्याख्या प्रदान करना था, जिसे स्वयं महर्षि व्यास ने अनुभव किया था तथा भक्तिमय अंतर्ज्ञान में परमानंद की विभिन्न अवस्थाओं में प्रकट किया था।

अतः 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' सर्वव्यापी ब्रह्म (जिसके प्रतीक श्रीकृष्ण हैं) और आदर्श भक्त की आत्मा (जिसके प्रतीक अर्जुन हैं) के मध्य संवाद का वर्णन है। एक विवेकशील भक्त के लिए पहले अध्याय से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि कुरुक्षेत्र के युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का प्रयोग प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा (पांडु के वंश) के साथ समस्वर शुद्ध विवेकशील बुद्धि तथा अहंकार द्वारा भ्रमित इंद्रियों के बंधन में जकड़े हुए अंधे मन (अंधे राजा धृतराष्ट्र और उनकी दुष्ट संतानों) के मध्य निरंतर होने वाले आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक युद्ध को दर्शाने के लिए किया गया है।


भगवान श्रीकृष्ण (गुरु अथवा जाग्रत आत्मचेतना अथवा ध्यान से उत्पन्न अंतर्ज्ञान) की सहायता से, अपने राज्य को अहंकार और उसकी बुरी मानसिक प्रवृत्तियों की सेना के अधिकार से मुक्त कराने के लिए और ब्रह्म की सर्वसंतुष्टिदायक संप्रभुता स्थापित करने के लिए भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक युद्ध आवश्यक है। जिस प्रकार श्रीकृष्ण ने निराश अर्जुन को असीम सांत्वना प्रदान की थी, उसी प्रकार योगानंदजी प्रत्येक सच्चे साधक में विद्यमान अर्जुन भक्त को अपने अवर्णनीय शब्दों में यह परामर्श देते हैं, 'प्रत्येक व्यक्ति को कुरुक्षेत्र का अपना युद्ध स्वयं लड़ना है। यह युद्ध मात्र जीतने के योग्य ही नहीं है, अपितु ब्रह्मांड तथा आत्मा एवं परमात्मा के शाश्वत संबंध की दिव्य व्यवस्थाओं के अनुरूप भी है। यह एक ऐसा युद्ध है, जिसे कभी न कभी तो जीतना ही पड़ेगा।'

# जमशेदपुर की खबरें

## आजादी के 76 वर्ष बाद भी नहीं बन पायी सड़क : मंगल कालिंदी

**जुगसलाई विधायक ने सदन में उठाया बोड़ाम और पटमदा के दुर्गम पहाड़ियों की तराई मे सड़क निर्माण का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोड़ाम।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी बातो के रखते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण का मामला उठाया। विधायक ने कहा, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम और पटमदा आंचल अंतर्गत दुर्गम पहाड़ियों की तराई में सड़क का हाल काफी जर्जर स्थिति में है। जहा आदिवासी, सबर, संथाल और भूमिज मुंडा बाहुल्य समाज के लोग रहते है। सारी, जेरका, तिलाईडीह, आमदापहाड़ी, राजावासा के आलावे अनेको छोटे-बड़े गांव है जहां देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी आज तक सड़क नहीं बन पाया। जिसके कारण क्षेत्र में बसे ग्रामीणों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के दिनों में स्थिति काफी भयावह होजाती है। स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार के लिए परेशानी बढ़ जाती है। विधायक श्री कालिंदी ने आसन के माध्यम से लोकहित में सारी, तिलाईडीह से जेरका तक और आमदापहाड़ी होते हुए राजाबासा तक सडक निर्माण के लिए झारखंड सरकार से आग्रह किया।

## लगातार बढ़ रहे प्रदूषण से स्थानीय लोगों में आक्रोश, सात दिनों का दिया अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा और आसपास क्षेत्र में लगातार बढ़ रही प्रदूषण से स्थानीय लोगों में आक्रोश ब्याप्त है। गुरुवार को कांड्रा के स्थानीय लोग और दुकानदारों ने आक्रोश जताते हुए जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल और कांड्रा पंचायत के मुखिया शंकरी देवी से न्याय के लिए गुहार लगायी। उन्होंने कहा छोटी बड़ी कंपनियों के कारण पूरा क्षेत्र में प्रदूषण काफी बढ़ गया है। जिसका प्रभाव स्थानीय लोग सहित छोटे-छोटे बच्चों पर पढ़ रहा है। मौके पर दुकानदारों ने स्थानीय कंपनियों से निकलते प्रदूषण के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराते हुए जनप्रतिनिधियों को बाजार का निरीक्षण करवाया। उन्होंने बताया बीते एक माह से कांड्रा बाजार के सड़कों व दुकान के अंदर कोल डस्ट घुस रहा है। जिसके कारण लोगों का जीना दुर्लव हो गया। सड़क पर उड़ते धूल के कारण होटलो में लोग लगभग खाना छोड़ दिए। प्रदूषण से आम जनजीवन अस्त- व्यस्त हो रही है। जीव-जंतु को भी शुद्ध आहार नहीं मिल पा रहा है।

यदि इन कंपनियों पर प्रशासन पहल नहीं की तो ग्रामीण और दुकानदार बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन को लिखित आवेदन देते हुए 7 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया। यदि प्रदूषण पर नकेल नहीं कसी गयी तो दुकानदार और ग्रामीण आगे की रणनीति तैयार करेगी।

## भाजपा नेताओं ने जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



कांड्रा (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा-सरायकेला मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने पहल शुरू कर दी। गुरुवार को भाजपा नेता गणेश महाली ने डीसी को एक मांग पत्र सौंपकर जर्जर सड़क निर्माण के लिए मांग की। गणेश महाली ने बताया उक्त मार्ग का बीते एक साल पूर्व मरम्मत कराया गया था। लेकिन एक साल में उक्त सड़क काफी जर्जर होने लगी है। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण में अनियमिता बरतने का आरोप लगाया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, जिलाध्यक्ष विजय महतो, आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व महापौर विनोद कुमार श्रीवास्तव, सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, रमेश हांसदा सहित अन्य मौजूद रहे।

## सिंहभूम चैंबर का वार्षिक वनभोज रविवार को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का वार्षिक वनभोज रविवार को एनएच 33 स्थित होटल वेव इंटरनेशनल में आयोजित किया गया है। जहा चैंबर सदस्य अपने परिवारजनों के साथ शामिल होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी व सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने बताया चैंबर प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों के साथ सपरिवार मनोरंजन हेतु वनभोज का आयोजन करती है। वनभोज में सपरिवार मनोरंजन के लिये विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगितायें व लक्की ड्रॉ का आयोजन होगा। जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

## मजदूर नेता स्वर्गीय गोपेश्वर की 102वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास हम लोगों के लिए आदर्श थे और आगे भी रहेंगे : आरके सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में मजदूर नेता व पूर्व सांसद स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास की 102वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा मे एचआर हेड मोहन घंट, आईआर हेड सौमिक मैडम, जीएम किरण नरेंद्र, जीएम विष्णु दीक्षित, डॉ संजय कुमार, यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आर के सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। सभी ने बारी-बारी से स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास की चित्र पर पुष्प देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

इस अवसर पर यूनियन कार्यालय में सदस्यों ने उनके याद में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर महामंत्री आरके सिंह ने कहा स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास हम लोगों के लिए आदर्श थे और आगे भी रहेंगे। हम सब इनको हृदय से नमन करते हैं। इनके याद में हम लोग विशाल रक्तदान शिविर लगाना चाहते थे। लेकिन ब्लड बैंक का अनुरोध पर गर्मी के दिनों में रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष केवल सुंदरकांड पाठ और पूजा अर्चना का भी कार्यक्रम रखा गया। अध्यक्ष ने मौके पर मौजद तमाम लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही गोपेश्वर लाल दास के आदर्शों पर चलकर दिन-रात मजदूर हित में कार्य करने का आवाहन किया। मंच का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया।

## जमशेदपुर बार एसोसिएशन में वित्तीय गड़बड़ी जांच के लिए हाइकोर्ट ने तीन सदस्यीय एसआइटी गठित करने का दिया निर्देश

**कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मार्च 2024 के तीसरे सप्ताह में निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में एसआइटी को अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई वित्तीय गड़बड़ी के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई वित्तीय गड़बड़ी की जांच को लेकर तीन सदस्यीय एसआइटी गठित करने का निर्देश दिया। एसआइटी में एक आइजी रैंक के पुलिस अधिकारी, एक डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारी तथा एक इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी रहेंगे। एसआइटी बनाने की जिम्मेदारी कोर्ट ने डीजीपी को सौंपी है। कोर्ट में जमशेदपुर बार एसोसिएशन के अकाउंट से एसोसिएशन से संबंधित व्यय के लिए पैसे की निकासी हेतु एक प्रशासक नियुक्त किया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि एसोसिएशन का कोई पदाधिकारी पैसे की निकासी नहीं कर सकता है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मार्च 2024 के तीसरे सप्ताह में निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में एसआइटी को अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा है।


बता दें कि पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि मामले में एफआइआर दर्ज हो चुका है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि एफआइआर होने के बावजूद अभी तक जांच नहीं हो रही है। दरअसल, झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पूर्व में पत्र लिखा था। बताते चलें कि राजेश जयसवाल की ओर से इस मामले को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गयी है। प्रार्थी ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की ऑडिट कराने की मांग की थी।

## पूर्वी सिंहभूम जिले में सरबजोट, राजा और अन्य को मिली झामुमो के सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला खरसावां जिला में पार्टी को सोशल मीडिया में मजबूत करने के लिए सोशल मीडिया प्रभारियों की लिस्ट जारी कर दिया। ताकि चुनावों से पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से हेमंत सरकार के कार्य को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। गुरुवार को केंद्रीय समिति के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले में सरबजोट सिंह भाटिया, अरुण सिंह राजा, संदीप चक्रवर्ती, राजीव गिरी, राहुल महतो, मानिक चंद्र महतो, गौरांग महाली, संदीप परीदा, किसान गुप्ता, भगत हसदा को सोशल मीडिया के लिए जिम्मेदारी सौंपा गया।

## रांची-नयी दिल्ली राजधानी ट्रेन का उटारी स्टेशन पर ठहराव हो : सांसद



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रांची नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने संबंधी मामले को उठाया। उक्त ट्रेन सप्ताह में एक दिन रांची वाया चोपन-चुनार होते हुए नई दिल्ली तक जाती है। सांसद ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध है कि रांची नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की कृपा की जाय।

# किसानों की समस्या होगी दूर हर खेत को मिलेगा पानी : मंत्री

**गढ़वा में 5 करोड़ की लागत से होगा सात चेक डैम का निर्माण, 290 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के किसानों के लिए नयी खुशखबरी है। जिले में लगभग 5 करोड रुपये की लागत से सात नये चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। जिसमें 290 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लघु सिंचाई विभाग झारखंड सरकार ने इसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में सात चेक डैम के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के हरबरवा नाला पर 75 लाख 77 हजार 100 रुपये, बिरहा नाला पर 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। साथ ही रंका प्रखंड के मरघटवा नाला पर 63 लाख 45 हजार सात सौ रुपये, लुकफुचिया नाला पर 67 लाख 45 हजार तीन सौ रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण, धुरकी प्रखंड के यूरिया नदी पर 80 लाख 88 हजार 400 रुपये की लागत से, कुडेश नाला पर 60 लाख 86 हजार 100 रुपये की लागत से तथा भवनाथपुर प्रखंड में कहवा घाटी नाला पर 67 लाख 88 हजार 900 रुपये की लागत से चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों की हर समस्या दूर करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र के लोग कृषि के लिए पूरी तरह से वर्षा पर आश्रित है, परंतु यहां कम वषार्पात के कारण किसानों को कृषि कार्य में काफी समस्या होती है। मंत्री ने कहा कि किसानों की हर समस्या दूर होगी। हर खेत को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए वे पूरी तरह से प्रयासरत हैं । मंत्री ने कहा कि जब किसान समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा। झारखंड सरकार इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले समय में अन्य नदी, नालों पर आवश्यकता के अनुसार चेक डैम का निर्माण कराया जायेगा।



# विकसित भारत बनाने के लिए सभी को शिक्षित और आत्मनिर्भर होना होगा : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** जिला चिनिया प्रखंड के डोल पंचायत मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी जाति धर्म के लोगों को समान भाव से कई प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसमें 80 करोड़ लोगों को मुफ्त का राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के पैमाने पर गढ़वा अभी भी बहुत पीछे है। गढ़वा को अभी भी 2047 तक विकसित बनने के लिए सभी गढ़वा वासियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। साथ ही सभी लोगों को विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा देश हित में किए गए कार्यों के बारे में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम के तहत सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी अलखनाथ पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बिस्तार रूप से दिया। इस अवसर पर चिनिया बीडीओ कालिदास मुंडा, कपिल प्रसाद, विजय यादव, चंद्रिका सिंह, विश्वास प्रसाद, मनोज तिर्की, कमलेश नंदन सिंह, प्रमोद चौबे, कृषि वैज्ञानिक अमरेश चंद्र पांडेय सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के बीएड सत्र 2021-23 का परीक्षाफल प्रकाशित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के बीएड सत्र 2021-23 के विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा का परिणाम 98% रहा। जिसमें महाविद्यालय में प्रथम स्थान 83% के साथ भावेश कुमार तिवारी, द्वितीय स्थान 81% के साथ अंकित कुमार तथा तृतीय स्थान 80% के साथ चंदन कुमार पाठक एवं शशिकांत ठाकुर ने प्राप्त किया जिसमें 70% प्रशिक्षु विशिष्टता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा अन्य सभी प्रशिक्षु प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा डी.एल.एड. सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुओं का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा जिसमें 86% के साथ मंसूर आलम प्रथम स्थान, 85% प्रतिशत के साथ शशिकांत पाल द्वितीय स्थान तथा 84% के साथ प्रभात कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विश्वकर्मा योजना को लेकर भाजपा नेताओं ने की बैठक




गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में विश्वकर्मा योजना को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि केंद्र सरकार शिल्पकारों के लिए विश्वकर्मा योजना बनायी है। जिसका सीधा लाभ आम गरीब जनता को मिलेगा। विश्वकर्मा योजना के माध्यम से हर विधानसभा स्तर पर हजार युवाओं को लाभान्वित किया जायेगा। जिसका सीधा लाभ विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे शिल्पकारों को मिलेगा। पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि विश्वकर्मा योजना के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले शिल्पकारों को सीधा लाभ देने का काम किया है। इस से छोटे छोटे स्तर पर काम करने वाले युवाओं को लाभ देने के लिए संकल्पित है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री विकास स्वदेशी उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, संजय भगत, मुरली श्याम सोनी सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जवाहर नवोदय ने सीपी मेमोरियल को और आदित्य बिड़ला ने आरके पब्लिक को हरा क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया




गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन जवाहर नवोदय विद्यालय ने सीपी मेमोरियल स्कूल को नौ विकेट से पराजित किया। वहीं दूसरे मैच में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को तीन विकेट से हरा कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। मौके पर आनंद सिन्हा, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रफुल कुमार, प्रिंस खान सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पाल्हे कलां शाखा में 113वां स्थापना दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पाल्हे कलां शाखा में बैंक का 113वीं स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय ने बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखावाला की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं बारी-बारी से सभी बैंक कर्मियों ने भी किया। इस दौरान एक दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात बैंक में ग्राहकों के बीच मिठाई और चॉकलेट का वितरण किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडे ने कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया को देश का प्रथम स्वदेशी वाणिज्य बैंक होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की स्थापना 21 दिसंबर 1911 को सर सोराबजी पोचखावाला ने प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में की थी। सेंट्रल बैंक देश का पहला वाणिज्यिक बैंक है। जिसका पूर्ण स्वामित्व और प्रबंधन स्थापना के समय भारतीयों के हाथ में था। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के पहले अध्यक्ष फिरोज शाह मेहता थे। सोराबजी पोचखानवाला ने इस बैंक को राष्ट्र की संपत्ति घोषित कर दिया। पिछले 112 वर्षों के इतिहास में बैंक ने कई उतार - चढ़ाव देखे तथा कई चुनौतियों का सामना किया। बैंक ने प्रत्येक आशंका को व्यवसायिक अवसर में बदला तथा बैंकिंग उद्योग में अपने समक्ष को से उत्कृष्ट रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राहकों का स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। मौके पर बैंक स्टॉफ सहायक शाखा प्रबंधक मनोज आइंद, अप्रेंटिस अमित कुमार, प्रधान खदांची निर्मल राही, कलर्क मेवालाल बिरुवा, सीबीआई बीसी विजेद्र कुमार चौबे सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

## क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ



भंडारिया (आजाद सिपाही)। संत जेवियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक संतोष टोप्पो ने जामौती स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया। स्कूल के प्राचार्य रोशन केरकेट्टा के द्वारा अपने संबोधन में इस गैदरिंग कार्यक्रम में प्रभु यीशु के जन्म का संदेश, देकर संसार में रहने वाले सभी जाति और समुदायों के लिए शांति और प्रेम का संदेश दिए और आपसी मेल प्रेम और भाईचारे के साथ जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य के द्वारा 2024के नये सत्र में इंटरमीडिएट की पढ़ाई सूचारु रूप शुरू हो जाने बाते कहीं गयी है। इस कार्यक्रम में उप प्राचार्य याकूब केरकेट्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा जिला स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का समापन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया। सभी पदक विजेता पुरुष/ बालक बालिका खिलाड़ियों निम्न रहे विजेता और उप विजेता। **सीनियर पुरुष वर्ग में:** प्रथम स्थान कार्तिक कुमार मेहता द्वितीय स्थान अखिलेश कुमार रवि तृतीय स्थान नीतीश कुमार निशांत रहे। **सब जूनियर बालक वर्ग:** प्रथम स्थान विशाल कुमार पाल द्वितीय स्थान आले रसूल। **यूथ बालक वर्ग:** प्रथम स्थान अनुज कुमार द्वितीय स्थान रोहित दुबे तृतीय स्थान नितेश कुमार रजक। **जूनियर बालिका वर्ग:** प्रथम स्थान छोटी कुमारी द्वितीय स्थान स्नेहा कुमारी। **सब जूनियर बालिका वर्ग:** प्रथम स्थान अनिता कुमारी गुप्ता द्वितीय स्थान प्रतिमा कुमारी तृतीय स्थान सोनी कुमारी। **युथ बलिका वर्ग:** प्रथम स्थान पारो कुमारी द्वितीय सीखा कुमारी तृतीय स्थान प्रियांशु कुमारी। सभी पदक विजेता पुरुष बालक बालिका खिलाड़ियों को पुरस्कृत सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक गढ़वा जिला वालीबाल संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी विधायक प्रतिनिधि खेल कूद सह गढ़वा जिला साइकलिंग संघ कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने सामूहिक रूप से किया। सभी विजेता खिलाड़ी दसवीं राजा स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता गिरिडीह के लिए दिनांक 28 से 30 दिसंबर तक गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर उपस्थित शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी शिवकुमार संतोष कुमार किशोर कुणाल, मनीष तिवारी डे बोर्डिंग प्रशिक्षक रमाशंकर सिंह प्रभात तिवारी, विवेक सिन्हा, प्रियंका कुमारी मंच संचालन कर रहे ओमप्रकाश गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन किये किशोर कुणाल।

# उपप्रमुख ने प्रखंड प्रमुख के खिलाफ दूसरी बार दिया अविश्वास प्रस्ताव

**बरडीहा प्रखंड में राजनीति घमासान तेज**



**बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड के प्रमुख सुनीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव उपप्रमुख सकेंद्र पासवान और अन्य पंचायत समिति सदस्य ने अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में दिया है। इस संबंध में उपप्रमुख सकेंद्र पासवान ने बताया कि प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी के विरूद्ध अन्यलोगों ने जून माह में ही अविश्वास प्रस्ताव लाया था। परंतु कुछ पंचायत समिति सदस्य ने अविश्वास प्रस्ताव प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी के प्रभाव में आकर अविश्वास प्रस्ताव वापस ले लिया। जिसके कारण असफल हो गये। परंतु इस बार हमलोग इनके विरुद्ध काफी मजबूती से खड़े है। इस बार हमलोग नये प्रमुख बना कर प्रखंड में विकास के गति को तेज करेंगे। दूसरी ओर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने इस संबंध में बताया कि जब से हम प्रमुख बने है। तभी से उपप्रमुख सकेंद्र पासवान और पंचायत समिति सदस्य प्रेमा देवी ने उनके विरुद्ध बेबुनियादी आरोप लगाकर पद मुक्त करने के प्रयास कर रहे हैं। जब की सभी पंचायत में विकास की योजना कार्यकारनी के बैठक कर सभी पंचायती समिति सदस्य के सहमति और हस्ताक्षर कराकर योजन की स्वीकृति दी गयी है। इनलोगों ने अन्य पंचायत समिति सदस्य को आर्थीक प्रलोभन देकर पुनः अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास किया है।

# कमलापुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव आगामी 7 जनवरी को



**गढ़वा।** अखिल भारतीय कमलापुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव आगामी 7 जनवरी 2024 को बिहार के वीरपुर में होने जा रहा है। चुनाव में अपना दावा मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रत्याशी कहलगांव निवासी श्री विनोद गुप्ता जी रिटायर्ड इंजीनियर बिहार सरकार के साथ शिव प्रसाद गुप्ता एवं संजय गुप्ता का आगमन गढ़वा में हुआ। गढ़वा में उन्होंने सभी स्वजातीय बंधुओ से मुलाकात की एवं केंद्रीय परिषद के अस्थाई सदस्य विनोद कमलापुरी तथा केंद्रीय परिषद के सदस्य जितेंद्र कमलापुरी को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया, तथा अखिल भारतीय कमलापुरी महासभा के राष्ट्रीय महाधिवेशन में सम्मिलित होने एवं अध्यक्ष पद पर अपने लिए वोट करने का अनुरोध किया। उन्होंने अखिल भारतीय कमलापुरी महासाभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कमलापुरी समाज के विकाश के लिए अपने कार्यक्रम के बारे में गढ़वा समाज के लोगो से चर्चा करते हुए कमलापुरी समाज के लोगों को शिक्षित, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर गढ़वा कमलापुरी महासभा गढ़वा इकाई के अध्यक्ष श्री बृजमोहन प्रसाद संरक्षक श्री शत्रुघ्न प्रसाद, केंद्रीय परिषद् के आजीवन सदस्य विनोद कमलापुरी, केंद्रीय परिषद् सद्स्य जितेन्द्र कमलापुरी, प्रमोद कुमार, पप्पू कमलापुरी आदि कमलापुरी समाज गढ़वा के लोग उपस्थित थे।10

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जिला यक्ष्मा कार्यालय, गढ़वा स्थित सभागार में गढ़वा जिला पीएलएचआईवी नेटवर्क सदस्यों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा यह बताया गया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ कोई भेदभाव करता है या किसी डॉक्टर द्वारा उसका ऑपरेशन करने से मना किया जाता है तो एचआईवी/एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) एक्ट 2017 के अंतर्गत उसे एक लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा 3 माह से 2 साल तक की कैद अथवा दोनों हो सकता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन, डॉ0 अशोक कुमार, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक संतोष सिंह सहित कुल लगभग 29 प्रतिभागी उपस्थित थे।

# विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में करें सहयोग: आइजी

**पलामू आयुक्त और आईजी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**विकास और शांति व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : आयुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा/रंका।** प्लामू आयुक्त दशरथ चन्द्र दास और पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने रंका के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर आयुक्त ने कहा विकास और शांति व्यवस्था क्षेत्र की पहचान होती है। इसमें जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। सभी के सहयोग से केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य और जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त होगी। मुखिया का जुड़ाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक होता है। विकास योजनाओं को सक्रियता से पहुंचाने में सहयोग करें। आयुक्त रंका प्रखंड और अंचल कार्यालय का भ्रमण सह निरीक्षण के उपरांत रंका क्षेत्र के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे।

पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि प्रखंड-अंचल कार्यालय के संपर्क में रहकर विकास योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाएं। सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। आपसी समन्वय से विकास में आने वाली कठिनाईयों को दूर करेंगे। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि गढ़वा विकास के लिए प्राथमिकता में है। जनप्रतिनिधि को सरकार की योजनाओं और क्षेत्र के जरूरतमंद व्यक्तियों की जानकारी होने से बेहतर परिणाम सामने आयेंगे। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाना सुनिश्चित करायें।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने सड़क दुर्घटना पर प्रकाश डालते हुए सावधानियां बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि नाबालिग वाहन न चलाएं। व्यस्क हेलमेट लगाकर एवं यातायात के नियमों का पालन करते हुए ही चलाएं, ताकि अपनी सुरक्षा बनी रहे। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त प्रमुख हेमंत लकड़ा, उप प्रमुख अनुभा सिंह, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम समिति सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा ने हेमंत सरकार की नीतियों के विरुद्ध समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के नीतियों के विरुद्ध समाहरणालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन किया और जुलूस निकाले। आक्रोश प्रदर्शन भाजपा जिला कार्यालय से लेकर समाहरणालय तक किया गया। इस दौरान हेमंत सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गयी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है। चारों ओर लुट मचा हुआ है। सत्ता में बैठे मंत्री, विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक का गर्दन भ्रष्टाचार में डुबा हुआ है। भाजपा वरिष्ठ नेता कन्हैया चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में लूट का साम्राज्य स्थापित है। जनता हाहाकार कर रही है। ब्लॉक से लेकर समाहरणालय तक भ्रष्टाचार चरम पर है। पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं महिलाओं आम जनता के साथ धोखा देने का काम किया है। होम गार्ड से लेकर सभी विभागों के लोग हर दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने रोजगार देने का काम किया था। लेकिन झामुमो सरकार रोजगार छीन रही है।भाजपा नेता बिनय चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में लूटट की छुट है। हेमंत सरकार जब से सत्ता में आई है एक भी योजना नहीं बना सकी है। वर्तमान में सत्तासीन हेमंत सरकार युवाओं के हित में नियोजन नीति नहीं बना पाए है। रोजगार के लिए युवा भटक रहे हैं। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगत सिंह साहु, शिवधारी राम, सुरज गुप्ता, मुरली श्याम सोनी, उमेंद्र यादव, रामाशीष तिवारी, संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, हरेंद्र द्विवेदी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 22 जनवरी को अपने गांव के मंदिर को अयोध्या मान कर करें पूजा: सुरेंद्र



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेहाल पंचायत अंतर्गत ग्राम चेहाल बजरंगबली मंदिर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी, गौ रक्षा के संगठन को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरयु शर्मा ने किया। विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने बताया कि 22 जनवरी को अपने-अपने गांव के मंदिर को अयोध्या मानकर भक्ति भाव से पूजा अर्चना करें एवं अपने नजदीकी मंदिरों में घर-घर से दीपक जलावें एवं मंदिर एवं घरों को दीपावली के तरह दीपक उत्सव का त्योहार मनाएं। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को दिन 10 बजे जयनगर दुर्गा मंदिर में सभी पंचायत के लोगों के बीच कलश, अयोध्या से आए पूजित अक्षत राम मंदिर के चित्र का वितरण किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम को प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल, पूर्व विहिप प्रखंड महेश पांडेय सहित कई लोग संबोधित किया। सर्व समिति से विश्व हिंदू परिषद का पंचायत अध्यक्ष किशोर यादव, उपाध्यक्ष सरयु शर्मा, मंत्री संतोष पंडित, बजरंग दल संयोजक सुजीत सोनी, बजरंग दल सह संयोजक आशीष राणा, मातृशक्ति प्रमुख पार्वती देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कलावती देवी, सत्संग प्रमुख सरयु यादव, गौ रक्षा प्रमुख सुनील यादव को बनाया गया। चेहाल पंचायत के समस्त सनातन धर्म के लोग सम्मानित सदस्य बनाए गये। बैठक में मुख्य रूप से अशोक कुमार रजक, गौतम यादव, सिकंदर यादव, मुकेश पंडित, पंकज राणा, सुनीता देवी, भीखन रजक, तुलसी राणा, लक्ष्मण राणा, प्रभु चंद्र यादव, अनुज पंडित, कांती देवी, सावित्री देवी, राधा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कृत संकल्पित: गौतम

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गड़गी पंचायत भवन परिसर में किया। कार्यक्रम का शुभांरभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गौतम कुमार, प्रमुख अंजू देवी, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मुखिया फरीदा खातून, विधायक प्रतिनिधि राम जी यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एक सशक्त माध्यम है अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए। उन्होंने बताया कि हम त्वरित गति से आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए इन्हें निष्पादित करवा रहे हैं। कोई भी योग्य लाभुक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे इसके लिए पदाधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के साथ साथ जनभागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। वहीं मुखिया फरीदा खातून ने मुख्यमंत्री जी को अबुआ आवास योजना के लागू किए जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया। शिविर में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर, अंचल निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, ब्लॉक कॉर्डिनेटर रवि कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, कृष्ण देव यादव एवं वार्ड सदस्य सहित प्रखण्ड कर्मी एवं सैकड़ो पंचायतवासी मौजूद थे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे तीन शिक्षक सड़क दुर्घटना में घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर अस्पताल में आयोजित राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे बाइक सवार तीन शिक्षक गुरुवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मरकच्चो के दरदाही निवासी शिक्षक रंजीत कुमा, कांवर प्रजापति और दुखहरण साव अलग-अलग बाइक के जरिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। इस दौरान जयनगर पेट्रोल पंप के समीप पीछे से एक बाइक वाले ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिसके बाद अनियंत्रित होकर सभी बाइक आपस में टकरा गई जिसमें तीन शिक्षक घायल हो गए। इनका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## बिना हेलमेट के पंपों पर नहीं मिलेगा पेट्रोल

**कोडरमा (आजद सिपाही)।** जिले में दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप जाने पर पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में ली गई है। सड़क सुरक्षा कमेटी द्वारा जिले में हो रहे वाहन दुर्घटना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अधिकांश दुर्घटनाएं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन सवारों की होती है। इसी प्रकार कार चालक भी सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते हैं और दुर्घटना होने पर गंभीर चोट के शिकार हो जाते हैं। जिसमें उनकी जान भी चली जाती है। दुर्घटनाओं को रोकने एवं जान की सुरक्षा हेतु गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने जिले के पेट्रोल पंप संगठन और पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले व्यक्तियों को किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं दिया जाए। उनसे अपील की गयी कि सड़क सुरक्षा के संबंध में आम जनों को जागरूक बनाने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि पेट्रोल पंप में लगे कैमरों को बढ़ाया जाये एवं खराब या बंद पड़े कैमरों को ठीक कराया जाये। कुछ कैमरों को मुख्य सड़क की दिशा में किया जाए ताकि आने-जाने के रास्तों पर निगरानी रखी जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों के बीच नो हेलमेट नो पेट्रोल और नो सीट बेल्ट नो फ्यूल छपे बैनरों का वितरण किया गया।

## बाबा श्याम की निशान यात्रा आज

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शुक्ल पक्ष की एकादशी को ले शुक्रवार को बाबा श्याम का भजन कीर्तन एवं निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्याम महिला समिति के तत्वाधान में 21 वां निशान यात्रा झंडा चौक के समीप दुर्गा कम्पलेक्श स्थित दुर्गा मंदिर से यह निशान यात्रा सुबह 8 बजे निकाली जाएगी। यह जानकारी श्याम महिला समिति कि कृतिका मोदी ने दी। इन्होंने बताया कि निशान यात्रा स्टेशन रोड होते हुए अड्डी बंगला श्याम बाबा पथ स्थित श्याम मंदिर पहुंच कर सम्पन्न होगी। यहां बाबा श्याम को निशान अर्पित किया जाएगा। वहीं श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में संध्या 7:30 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। श्याम मित्र मंडल के गिरधारी सोमानी ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कोडरमा स्टेशन से श्याम प्रेमियों का जत्था खाटू के लिए रवाना हुआ। 22 दिसंबर को शहर के श्याम प्रेमी रिंगस से खाटू के लिए निशान लेकर पैदल चलेंगे। कोडरमा से खाटू जाने वालों में विकास अठघरा, अविनाश कपसीमे, पप्पू सिंह, रंधीर कपसीमे, सत्यम एकघरा, विकास वैश्यकियार आदि का नाम शामिल है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सतगावां प्रखण्ड के नावाडीह, डोमचांच प्रखण्ड के बंगाखलार, कोडरमा प्रखण्ड के छतरबर, चंदवारा प्रखण्ड के पथलगड़ा एवं जयनगर प्रखण्ड के गड़गी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी समेत योजनाओं का लाभ दिया गया।

# डीसी ने जरूरतमदों के बीच कंबल का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय के नेतृत्व में गत रात्रि को प्रशासनिक अधिकारीयों की टीम ने सदर प्रखंड के गुरहेत, बहेरी, मोरांगी पंचायत में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरित किया। उपायुक्त ने शीतलहरी के मद्देनजर लोगों से अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतें। बच्चों व वृद्धों का विशेष ख्याल रखें।

**ज़िला एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के द्वारा ठंड के मद्देनजर जारी एडवाइजरी :** जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)। पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें। दस्ताने, जूते एवं मोजे का इस्तेमाल करें। आखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्मा लगाएं। कमरे को गर्म रखने के लिए घर में अंगीठी, हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी से करें। अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या इच्छा होने, सुस्त अथवा अर्द्धबेहोशी होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें। यथासंभव पानी पीएं। ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें। उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

**बच्चों को ऐसे बचाएं ठंड से :** ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चे को अधिक देर ठंड में न रहने दें। बच्चों का सर,चेहरा, गला एवं पांव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें। बच्चों को एक के ऊपर एक कपड़े पहनाएं। यह उन्हें गर्म रखेगा। बच्चों के तापमान की जांच करते रहें। आज के कंबल वितरण के दौरान उपायुक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नवेदिता राय, सदर सीओ शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एनटीपीसी ने मनाया खान सुरक्षा सप्ताह

## आफताब अहमद ने किया पंकरी बरवाडीह कोयला परियोजना का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** एनटीपीसी के पंकरी कोल परियोजना के तत्वाधान में इतीज कोयला खदान के पास 66 वां खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। यह कार्यक्रम की शुरूआत 15 दिसंबर से शुरू की गई, जो 24 दिसंबर तक चलेगी। एनटीपीसी एवं त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड के अधिकारी कर्मचारी, कामगार , वर्कर व मजदूर वर्ग उत्साह पूर्वक इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। खान सुरक्षा निदेशक, अफताब अहमद एवं उनकी टीम ने कोयला खदान का निरीक्षण किया।खान सुरक्षा निदेशक पहले पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सीकरी स्थित कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने सुरक्षा सप्ताह में हो रही गतिविधियों का जायजा लिया एवं वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। कार्यालय में सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद निदेशक एवं उनकी टीम पकरी बरवाडीह माइंस की पीट ऑफिस पहुंचे।जहां उनका औपचारिक स्वागत पगड़ी पहना कर परंपरागत संथाली नृत्य के साथ किया गया. औपचारिक स्वागत के बाद अधिकारियों ने सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण किया एवं जानकारियां ली।तत्पश्चात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई। इसके बाद ईतिज स्थित कोयला खदान के कार्यक्रम में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नाटक एवं अन्य नृत्य,संगीत सुरक्षा संदेश को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया।इस कार्यक्रम में एनटीपीसी एवं त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया की सुरक्षा हमारे पहली प्राथमिकता है भले ही उत्पादन कम हो जाए या कुछ भी हो जाए लेकिन हम सुरक्षा से कभी भी समझौता नहीं करते हैं। अधिकारियों ने परियोजना में दुर्घटना रहित माहौल पर जोर देते हुए कहा की हम नियर मिस पर बल दे रहे हैं। जिससे आगे सीख लेते हुए दुर्घटनाओं से बचा जा सके। मौके पर मुख्य अतिथि अफताब अहमद ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की सुरक्षा संबंधित कदमों की प्रशंसा की और कहा की सुरक्षा संबंधित स्टॉल्स लगाना और लोगों को साधारण भाषा में इसकी जानकारी देना पकरी बरवाडीह की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने इस मौके पर संगीत नृत्य एवं नाटक की भी प्रशंसा की। मौके पर डीएमएस आफताब, आई एस ओ अशोक कुमार, प्रोजेक्ट ऑफिसर सदल सत्यनारायण, माइनिंग प्रबंधक सत्यनारायण कुमार, अजय कुमार सिंह, सतीश कुमार, छोटे लाल भगत, त्रिवेणी के एजीएम एचआर उत्तम झा, लॉजिस्टिक जीएम सायक पॉल, शशि भूषण तिवारी, सुजीत कुमार, दिलीप ठाकुर, मोहम्मद तनवीर आलम समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## गरीबों की आस लेकर पहुंची है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**आजाआद सिपाही संवाददाता**



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, मुखिया मोतीलाल चौधरी, उप मुखिया रीता देवी, पशुपालन विभाग के मुकेश कुमार सिंह, सामंत कुमार, पंचायत सेवक नेमधारी प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, वार्ड सदस्यों में रामप्रसाद कुशवाहा, बसंत रविदास, अशोक भुइयां, फूल कुमारी, लक्ष्मी देवी, सुधीर कुमार, शिवपूजन शर्मा, नेमनी देवी मंचासिन थे। उपस्थित अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का विस्तृत जानकारियां दिया। वहीं शिविर में लगाएं गए विभिन्न स्टॉल में ग्रामीणों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपार भीड़ उमड़ थी। कार्यक्रम संपन्न तक कुल 1695 मामले आए, जिनमे स्वीकृत 965 किया। वहीं लंबित मामले 760 रहा। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार एवं ब्लॉक कर्मी बिरहोर कॉलोनी पहुंचे। जहां आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के बीच 24 कंबल वितरण किया और उन्हें बढ़ते शीतलारी से बचने की सलाह दी।

## हर विभाग की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें : रेणु देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकट्ठा ।** प्रखंड मुख्यालय के मनरेगा हॉल में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख रेणु देवी की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। बैठक में बीडीओ रेशमा डुंगडुंग, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक , बीईईओ किशोर कुमार, सीडीपीओ नीलू रानी, डॉ निशांत बेक, उपप्रमुख सुरजी देवी,बीपीओ श्यामनाथ वर्मा समेत आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विंदूओं पर चर्चा की गई। प्रमुख रेणु देवी ने आंगनबाड़ी,जन वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य विभाग समेत सभी विभागों की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग विभागीय पदाधिकारियों से की। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों से मिल रही शिकायतों से सीडीपीओ को अवगत कराया गया।जिसपर सीडीपीओ ने जांच करने की अश्वासन दिया। प्रखंड में विकास की गति को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई जिसमें बीडीओ ने अश्वासन दिया की विकास की गति में कमी नहीं होगी साथ ही सभी विभागों की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में पंसस रामचंद्र साव, विकास पांडेय,सुरजमुनी देवी,जेई सोनु कुमार, प्रवीण कुमार चिंताहरण पाठक पंकज कुमार, दिनेश प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन, परिवहन और खनिज भंडारण के विरुद्ध सख्ती के दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हजारीबाग।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं खनिजों के अवैध भंडारण के रोकथाम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध हो रहे कार्यों की समीक्षा कर अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने व किसी भी तरह के अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जिलांतर्गत बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर राजस्व का किसी प्रकार से नुकसान नहीं हो इसे सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक को गिरफ्तार किया

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना की पुलिस हास्पिटल चौक से चोरी की बाइक जब्त कर आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया।इमरान बगोदर का रहने वाला बताया गया है। गोमियां की ओर से आ रही बाइक में सवार आरोपी पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा।जिसे मौके पर उपस्थित पुलिस ने पकड़ लिया।मांगने पर बाइक से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत करने में असमर्थता जाहिर की।कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने किसी गुलगुलिया से कम दाम में बाइक खरीद कर उसपर दूसरा नंबर लिखकर उपयोग में लाने की बात कही । इस बाबत विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया ।थाना कांड संख्या 289/2023 भादवि की धारा 414, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कटकमसांडी में लगेगा एमसीएल का बायोप्लांट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड में एमसीएल का बायोप्लांट लगेगा। इससे बायो कोल का निर्माण, नैपियर की खेती से बड़ी संख्या में किसान रोजगार से जुड़ेंगे। भारतीय जन जागरूकता पार्टी ने योजना को हजारीबाग की जमीन पर उतारा है। भारतीय जन जागरूकता पार्टी ने अपने एजेंडा के तहत झारखंड की धरती पर सीधे तौर पर पंद्रह हजार किसानों, पांच हजार महिलाओं तथा पांच हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। इस एजेंडा के तहत किसानों की परती पड़ी जमीन पर उन्नत तरीके से नेपियर घास की खेती की जाएगी, जिससे ना सिर्फ किसानों को प्रति एकड़ तीन से चार लाख तक की सालाना कमाई होगी, उनके आर्थिक स्थिति में जबरदस्त सुधार होगा, बल्कि जमीन की उर्वरता और पर्यावरण में भी सुधार आयेगा। कटकमसांडी प्रखंड के कठौतिया पंचायत में लगाए जाने वाले एमसीएल प्लांट के लिए उपयुक्त जमीन का चयन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कमल के दिशा निर्देश एवं उपस्थिति में फैक्टरी के लिए चयनित जमीन का कार्य संपन्न किया गया। निरीक्षण के लिए गयी इस टीम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सह प्रदेश प्रभारी तथा हजारीबाग विधान सभा के प्रत्याशी मनोज सिन्हा, हजारीबाग ज़िला अध्यक्ष संजय किशोर प्रसाद, प्रखंड के प्रतिष्ठित किसान सुरेश प्रसाद मेहता, मथुरा प्रसाद मेहता, बंगाली प्रसाद मेहता, प्रभु मेहता, ईश्वर प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, मनोज कुमार मेहता, आनंद मेहता, छोटू कुमार सहित अन्य सदस्यों तथा ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। जिसमें इस फैक्टरी को स्थापित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## इंडी गठबंधन का आज विरोध प्रदर्शन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में कृष्ण वल्लभ आश्रम में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। उपस्थित नेताओं ने कहा की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर करारा हमला किया है। संसद के दोनों सदनों से आश्चर्यजनक रूप से 143 विपक्षी दल के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इस सिलसिले में इंडिया गठबंधन के साथ आज शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय से गुरु गोविंद सिंह रोड होते हुए पैगोडा चौक, सब्जी बाजार, झंडा चौक पर सभा को सम्बोधित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जेएमएम से केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य कमलनयन सिंह, जेएमएम केंद्रीय सदस्य दिलीप वर्मा, जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, आम आदमी प्रति के संयोजक देव चौहान, राजद से हीरामन यादव, सीपीआई से जिला सहायक सचिव निजाम अंसारी, सीपीएम से गणेश सीटू, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, बिनोद सिंह, संजय तिवारी, यमुना यादव, निसार खान, डॉ भैया असीम, दरोगा अंसारी, अख्तर हुसैन, मुंगेश्वर चौधरी, जदयू नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ,राजू चौरसिया, रघु जायसवाल, दरगाही खान, विजय सिंह, दिलीप रवि, अर्जुन सिंह, अमृतेश रंजन, सदरुल होदा, राजदेव यादव, रंजीत यादव, कृष्णा किशोर प्रसाद, मनोज कुमार, रंजन साव, विकास कुमार, शशि कुमार सिंह आदि उपस्थित थे ।

## जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय द्वारा बड़कागांव प्रखंड में केंद्र सरकार विकसित भारत संकल्प रथ का भ्रमण सभी पंचायतों मे हो रही है। जिसके तहत आज बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के चोपदार बलिया एवं नापो खुर्द पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया एवं स्टाल लगाकर कई योजनाओं का लाभ एवं जानकारी ग्रामीणों को दी गई, जिसमें जल जीवन मिशन, प्राकृतिक खेती, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना तथा अन्य मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव से ब्लॉक लिपिक विवेक आनंद, दीपक केरकेट्टा, स्वास्थ्य केंद्र कुमारी धनवार भल्ले, सीएचओ बसंती देवी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि पुनम साव, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, नापो खुर्द मुखिया गणेश साव, पंसस गणेश साव, चोपदार बलिया मुखिया पुजा कुमारी, प्रतिनिधि चंदन पुरी, हेमंत भुईंया, संतोष नायक, सत्येन्द्र वर्मा, सुरेश रजक, प्रशांत गिरी, सीता देवी, ज्योति देवी, प्रियंका देवी, सविता देवी, समनिका देवी, गणेश प्रसाद गुप्ता, श्वेता देवी, बबीता देवी, अर्चना कुमारी, चिंता कुमारी, लीला देवी, रेखा देवी, डालेशरी देवी, दामोदर कुमार के साथ साथ जेएसपीएल, गैस एजेंसी, स्वास्थ्य केंद्र के कई अधिकारी, वार्ड सदस्य एवं कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**हजारीबाग (आजद सिपाही)।** पी डबल्यू डी चौक स्थित जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग के द्वारा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय एन एस एस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जॉनी रूफिना तिर्की, जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक शंभू कुमार ,महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने संयुक्त रूप से कर्जन खेल मैदान में किया। इस खेल समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जॉनी रूफिना तिर्की ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है और युवा वर्ग इसको अपना करियर के रूप में भी सम्मिलित कर सकते हैं। खेल क्षेत्र में अपार संभावना है। महाविद्यालय के निदेशक शंभू कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की महाविद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर संभव मदद करता रहूंगा। वही महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा जो खिलाड़ी राज्य व राष्ट्र स्तर पर खेलेंगे उन विद्यार्थियों को महाविद्यालय निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन पांच दिवसीय किया गया है जिसका समापन 26 दिसंबर को किया जायेगा। इस खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय खेल पदाधिकारी उमेश ठाकुर एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकेतर कर्मचारी का योगदान रहा।

## हत्या के आरोपी को उम्र कैद एवं जुर्माना

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार की अदालत में विचाराधीन सत्रवाद वाद 65/19 की सुनवाई करते हुए हत्या के आरोपी समरित उरांव उर्फ सम्मिलित उरांव को हत्या का दोषी पाते हुए उम्र कैद एवं जुमार्ना की सजा सुनाया है। प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार उक्त घटना गारू थाना क्षेत्र में गत 24 अक्टूबर 2018 को घटी थी। उक्त घटना में सरिता नामक महिला की पति की हत्या एक तरफा प्यार में आरोपी के द्वारा कर दिया गया था। पुलिस मामले की तफ्तीश कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया और मामले का विचारण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कुमार की अदालत में चल रहा था। अभियोजन पक्ष के द्वारा कुल 10 गवाहों को पेश किया गया। सभी गवाहों ने हत्या में सम्मिलित उरांव के शामिल होने की बात कही। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के उपरांत अदालत ने सम्मिलित को हत्या का दोषी पाते हुए उम्र कैद एवं 10000 जुमार्ना की सजा मुकर्रर किया है।

### लोहरदगा में नक्सलियों का तांडव

# निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन और ट्रैक्टर को फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिला में एक बार फिर से प्रतिबंधित नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। इस बार प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया पीएलएफआई के उग्रवादियों ने तांडव मचाया है। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों ने कैरो थाना क्षेत्र के एड़ादोन गांव में नहर निर्माण कार्य में लगी दो पोकलेन मशीन और एक ट्रैक्टर को फूंक दिया। इस घटना को लेकर जिला पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले के कैरो थाना क्षेत्र में नंदिनी डैम के तीन नहर के पक्कीकरण और मरम्मती का कार्य लॉड्र्स इंफ्रा कान प्राइवेट



लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा 39 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही पीएलएफआई के उग्रवादियों ने धमकी देते हुए लेवी की मांग की थी। इसके बाद घटना को लेकर कैरो थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। लेवी नहीं मिलने से नाराज उग्रवादियों ने आगजनी कर क्षेत्र में दहशत फैलाने की नाकाम कोशिश की है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव के हथियारबंद दस्ता के नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। आधी रात को नक्सलियों ने योजना स्थल पर पहुंचकर वहां सो रहे मुंशी को पीटा, इसके बाद कर्मियों से कहा कि वह मशीनों में आग लगा रहे हैं। किसी ने भी आग को बुझाने की कोशिश की तो उसे गोली मार दी जाएगी। इसके बाद पीएलएफआई के उग्रवादियों ने दो हवाई फायरिंग करते हुए योजना स्थल पर खड़े दो पोकलेन मशीन और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। घटना के बाद मुख्यालय डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों का जमावड़ा घटना स्थल पर देखने को मिला। घटना को गंभीरता से लेते हुए लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा की नक्सलियों के विरुद्ध करवाई शुरू कर दी गई है।

## उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारत की संसद के प्रांगण में 19 दिसंबर को विपक्षी दल द्वारा संवैधानिक पद पर सुशोभित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान व हेमंत सरकार की विगत 4 वर्षों की नाकामियां, वादाखिलाफी भ्रष्टाचार, हत्या, बलात्कार, महिला आदिवासी उत्पीड़न, खनिज पदार्थों की लूट, ईडी के समन पर हाजिर नहीं होना, जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा गुमला जिला द्वारा शक्ति मंदिर परिसर से समाहरणालय तक आक्रोश रैली निकाली। इस प्रदर्शन के साथ ही महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने नगर के मुख्य मार्ग से लेकर कचहरी परिसर तक उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, संविधान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी शर्म करो शर्म करो के नारे लगाकर आक्रोश प्रदर्शन किया। उपायुक को महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा ने राज्य हित में उपयुक्त परिस्थितियों के आलोक में अभिलंब विधि सम्मत कार्रवाई कर भ्रष्ट निकम्मी अलोकतांत्रिक सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। जिसमें कहा गया हेमंत सरकार के राज में आम जनता, युवा महिला दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज्य की जनता ने सिर्फ बिजली स्वास्थ्य शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर संकट झेल रही है। बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है।

आक्रोश रैली को मिसिर कुजूर, किरण माला बाड़ा, रामवतार भगत आदि वक्ताओं ने संबोधित कर राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के समक्ष रखा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, विनय लाल, भुपन साहू, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, किरणमाला बाड़ा, प्रदीप प्रसाद, भैरो सिंह खेरवार, लालमोहन साहू, यशवंत सिंह, शकुंतला उरांव, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, दिनेश्वर प्रसाद, हरिहर कुमार, कौशलेंद्र जमुआर, सोनमणि उरांव, खुशमन नायक, निरंजन सिंह, आफताब आलम लाडले, दामोदर कसेरा, शैल मिश्रा, शमीम खान, अरविंद मिश्रा आदि ढेर सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा ने भरी हुंकार, किया आक्रोश प्रदर्शन

रूपेश कुमार अग्रवाल

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के लातेहार जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के नेतृत्व में आज हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही राज्यपाल के नाम उपायुक्त हिमांशु मोहन को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने अपने संबोधन में कहा की राहुल गांधी के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ को अपमानित कर अपनी विकृत मानसिकता को कांग्रेस पार्टी ने जनता के सामने असली चेहरा दिखाने का कार्य किया है। राज्य में हेमंत की सरकार झूठे वादे कर राज्य की सत्ता पर काबिज हो बैठी है इसे पूरे राज्य की जनता देख रही है। हेमंत सरकार



की 4 वर्षों की नाकामियां वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, ज्योति सिन्हा, उषा देवी, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला मंत्री संतोष यादव, रेणु देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष सीतामढ़ी तिर्की, सुशील कुमार अग्रवाल, जिला परिषद सदस्यसरोज देवी, प्रियंका कुमारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीला देवी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडे, पंकज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, दिशा की सदस्य रानी देवी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सीएचओ के सहारे चल रहा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का इन दिनों हालत खस्ता हो गया है। एक तरह से कहे तो बीमार हो चुका है। चिकित्सक की कमी के कारण स्वास्थ्य केंद्र इमरजेंसी सेवा के सहारे चल रही है । जहां प्रखंड मुख्यालय से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य चिकित्सक नदारत थे। ओपीडी के संचालन सीएचओ के सहारे होने की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और ओपीडी में चिकित्सक की जगह सीएचओ को काम करता देखकर नाराजगी जतायी। इसके बाद तत्काल प्रखंड विकास अधिकारी के द्वारा मामले की जानकारी सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह को दी गई। बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के चिकित्सा व्यवस्था का लाचार होना काफी चिंताजनक है। चिकित्सक प्रखंड मुख्यालय में रहने के बजाय सीएचओ के सहारे छोड़ मुख्यालय से नदारत रहते हैं।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहुंचे चैनपुर, कहा सभी को दिलायेंगे पूरा राशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव चैनपुर प्रखंड के कितो, बेनदोरा, छतरपुर गांवों का भ्रमण किया और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने ने बताया कि विगत दिनों आजाद सिपाही व अन्य सामाचार पत्रों में सामाचार प्रकाशित किया गया था कि इन गांव के लोगो को राशन सही समय पर नहीं मिल पा रहा है। साथ ही राशन लेने के लिए ग्रामीणों को रात में लाइन लगाना पड़ता है। डीलर द्वारा इन गांवों के ग्रामीण सभी समस्याओं से जुझते हुए राशन नहीं मिलने के कारण रोड जाम भी किया गया था। इन्हीं सब बातों को लेकर ग्रामीणों से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिलने पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा बतलाया गया कि राशन डीलर के द्वारा राशन हमें



ठीक ढंग से नहीं मिल पा रहा है। 35 किलो की जगह में 22 किलो ही अनाज दिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा राशन डीलर को हटाने एवं कारवाई की बात कही। मौके पर चैतु उरांव ने लोगों की बात सुनी और कहा कि आप अपने आप को ठगा महसूस ना करें अभी तक जिस किसी महीनों से जिनका भी राशन नहीं मिला है, उच्च पदाधिकारियों से बात कर राशन दिलाने का काम किया जाएगा। साथ ही राशन डीलर पर करवाई करनें की मांग करेंगे। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद, जिला सचिव अल्बर्ट तिग्गा, तरुण गोप,लालु कुल्लू, प्रदीप बाड़ा, शंकर भगत, शीतल उरांव, किशुन उरांव, धीरज लकड़ा, नंदकिशोर उरांव और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अवैध कोयला लदे हाइवा को पुलिस ने किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू ।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाकर थाना गेट के सामने अवैध कोयला लदा 16 चक्का हाइवा जेएच 19 ई 7020 वाहन को एंव रैंकिंग कर रहे एक स्कॉर्पियो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोल माफियाओं द्वारा 16 चक्का हाइवा वाहन में 40 टन अवैध कोयला लेकर मुख्य मार्ग होते चतरा की ओर जा रहे थे। इसी बीच एसपी अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू पुलिस गेट के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर रैंकिंग कर रहे स्कॉर्पियो और अवैध कोयला लदे हईवा वाहन को बरियातू पुलिस ने जप्त कर



लिया है। साथ ही दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पांकी निवासी डोमन यादव, व सकेन्दर यादव कांड संख्या 86/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त अभियान में मुख्य रूप से बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी पुअनि बिंदेश्वर महतो सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## उपराष्ट्रपति के अपमान के विरुद्ध भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में इंडी गठबंधन नेताओं और राहुल गांधी के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के खिलाफ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिला समाहरणालय के समीप किया गया है। जिसमें भाजपा के सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं मोर्चो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। उपायुक्त के द्वारा महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हेमंत सोरेन की 4 वर्ष की नाकामी और वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान दलित आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज्य की जनता



ने सिर्फ सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही है बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। आए दिन हत्या, लूट, अपहरण बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुरक्षा बनी हुई है। सट्टा सब पोषित भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बनाया है खान, खनिज, बालू, पत्थर ,जमीन की लूट के साथ अब तो आजाद भारत के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह झारखंड बन गया है।

पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि यह कांग्रेस और जेएमएम सभी मायार्दाओं को भूल गए हैं। इनके राज में किसी भी दफ्तर में जाओ पहले टोलटैक्स देना पड़ रहा है। धरने में पूर्व विधायक रमेश उरांव, पूर्व अध्यक्ष, ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सूरजमोहन साहू, नवीन कुमार टींकू, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, हरशनाथ महतो, नजीर आलम खान, राजेश महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बस की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत कोनबीर ऊपर चौक में शिव चरण नामक यात्री बस कि चपेट में आने से कोनबीर भंडार टोली निवासी बाईक सवार 16 वर्षीय सुनील सोरेंग पिता लूकस सोरेंग कि मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे कि हैं। रांची कि ओर से आ रही शिवचरण नामक यात्री बस जैसे ही कोनबीर ऊपर चौक पहुंची सामने से आ रहे बाईक सवार सुनील सोरेंग अचानक बस के बीचो बीच जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थीं कि बाइक बस के बिचोबीच जा फसा और मौके पर ही सुनील ने दम तोड़ दिया। मृतक सुनील संत जोसफ उच्च विद्यालय कोनबीर नवाटोली में दसवीं कक्षा का छात्र था। सैलून जाने की बात का घर से निकला था।

## डीलर नहीं दे रहे हैं पर्याप्त अनाज, ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के ग्राम खोरा पंचायत की गुलाब स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित राशन डीलर में राशन वितरण को लेकर भारी गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दी। साथ ही जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारियों से मुलाकात कर इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि गुलाब स्वयं सहायता समूह जिसका लाइसेंस न ० 03/2017 है, उसे राशन वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके अंतर्गत 35 किलो अनाज दिया जाना है। लेकिन अंतोदय कार्डधारी के 35 किलो राशन में 15 किलो अनाज काटा जाता है। और पीएच के कार्डधारियों से प्रत्येक दो माह में एक बार राशन दिया जाता है। साथ ही संचालिका



सुनीता, सरिता, बसंती, ललिता, सकुन, समन , प्रमिला, रंथी, कविता तथा मंजु के द्वारा लाभुकों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

इस संबंध में कांग्रेस के ज़िला महासचिव फिरोज आलम व रामनिवास प्रसाद ने कहा कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग और मंत्रालय दोनो से बात करेंगे। अगर भ्रष्टाचार सिद्ध हुआ तो उक्त महिला मंडल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज सेमीफाइनल में

**सेमीफाइनल में बीएस कॉलेज बनाम गोस्सनर कॉलेज और मारवाड़ी कॉलेज बनाम एसएस मेमोरियल कॉलेज होगा मुकाबला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय बीएस कॉलेज लोहरदगा में चल रही रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज क्वाटर फाइनल मुकाबले सम्पन्न हो गया। गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गए। बीएस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज पहले ही सेमीफाइनल में जा चुके



हैं। पहला क्वाटर फाइनल मुकाबला एसएस मेमोरियल कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें डोरंडा कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में एसएस मेमोरियल की टीम ने 13.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुकाबले में शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए एसएस मेमोरियल के अभिषेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे क्वाटर फाइनल मुकाबले में आरएलएसवाई कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 104 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में मारवाड़ी कॉलेज ने 12.4 ओवर में केवल 2 विकेट खो कर 105 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रतियोगिता में कल से सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाने हैं। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें पहले मुकाबले में स्थानीय बीएस कॉलेज की टीम गोस्सनर कॉलेज की टीम से भिड़ेगी। दूसरा मुकाबला विजेता टीमों एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबला 23 दिसंबर को खेला जाएगा।

मैचों के दौरान बी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता, रांची विवि के कोच व चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी समेत बीएस कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल रहे।

## गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया गया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के रन्हे ग्राम में प्रखंड प्रशासन एलजीएसएस के संयुक्त तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के क्षेत्रीय कार्यकर्ता रंजीता कुमारी ने गुरुवार को बताया कि लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान व प्रखंड प्रशासन के संयुक्त प्रयास से रन्हे गांव में बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान बहुरा पहान के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया साथ ही बाल



मजदूर, बाल व्यापार, बाल एवं शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय भी लिया गया। गांव में किसी भी लड़की की शादी 18 वर्ष और लड़का की शादी 21 वर्ष पूर्व नहीं किया जाएगा। बालिका में शोषण को रोका जाएगा। रुकी ग्राम अंतर्गत उपयुक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार कार्रवाई किया जाएगा। इसमें सभी ग्रामीण परिवारों ने नियमों का पालन करते हुए सर्वसमिति से निर्णय लिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में सुमतु देवी, मंजू देवी, रतिया देवी, रानी देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## जनता उच्च विद्यालय परिसर में चार नये कक्षा भवन का होगा निर्माण

# विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: डॉ चंद्रवंशी

**कहा- संवेदक प्राक्कलन के अनुरूप करें कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय परिसर में चार नए कक्षा भवन का निर्माण होगा। भवन निर्माण विभाग की ओर से स्वीकृत उक्त भवन का निर्माण लागत 40 लाख रुपए है। जिसका भूमि पूजन गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की अगुआई में विश्रामपुर क्षेत्र पूर्ण विकास की ओर अग्रसर है। जल्द ही यह विधानसभा झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। संवेदक प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि चार अतिरिक्त नया भवन बन जाने से छात्र-छात्राओं को और सुविधा होगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, प्राचार्य भोला राय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, इदरीस हावरी, रजनीश चंद्रवंशी, मनीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय साह, संजय ठाकुर, संवेदक विवेका त्रिपाठी, असलम बहादुर, अर्चना देवी, बबिता कुमारी आदि मौजूद थे।



स्कूल में कक्षा भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन करते डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

## उच्च न्यायालय पर हमें पूरा विश्वास : अरुणा शंकर

### 5 जनवरी तक जवाब ना दिया तो प्रशासन को देना होगा 25 हजार का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर और हनुमंत कथा कार्यक्रम की संयोजक अरुणा शंकर एवं बागेश्वर धाम के व्यवस्थापक नितेश सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय में हमारी समिति के सचिव दीना राम द्वारा श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के पलामू कार्यक्रम के अनुमति के लिए किए गए याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी ने प्रशासन से पांच जनवरी तक जवाब मांगा है। कहा कि पूजा-पाठ व कथा कराना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। फिर बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को अनुमति क्यों नहीं दी जा रही। प्रशासन पांच जनवरी तक जवाब दाखिल करें अन्यथा प्रशासन को 25 हजार रुपया हनुमंत कथा समिति को जुर्माना के रूप में देना पड़ेगा। वहीं, अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार जिद छोड़ें। हम हिंदुओं की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए लाखों लोगों की आस्था स्वामी श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को पलामू आने दे हमारी समिति प्रशासन एवं सरकार का आभारी रहेगा।





## आवास योजना में पैसा मांगे जाने पर सीधे शिकायत करें : प्रियंका तिवारी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका तिवारी ने गुरुवार को पिठौरा, शो भिचक सहित कई गांव में घूम कर आवास योजना की जांच की। मुखिया ने लाभुकों से मिलकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। कहा की कोई भी कर्मी या दलाल पैसा मांगे तो सीधे मुखिया को सुचना दें। वैसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुखिया ने बताया कि लाभुको से पैसा लेने की बात पुष्टि होने पर वैसे लोगों को सीधे जेल भेज दिया जाएगा। किसी भी सरकारी योजनाओं में कोई भी रिश्वत की मांग करता है तो वैसे कर्मी को बख्शा नहीं जायेगा। विदित हो कि आवास योजना में लाभुकों से पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता पर पैसा लेने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया था। उसके बाद मुखिया ने मंगलवार को बीडीओ अनीता केरकेट्टा को एक आवेदन देकर पंचायत सचिव को हटाने एवं मामले की जांच कर पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग कि थी। बीडीओ अनीता केरकेट्टा ने बताया कि सरैया पंचायत में करीब 300 आबुआ आवास योजना का निर्माण होना है। पंचायत सचिव पर आरोप लगने के बाद योग्य लाभुकों का चयन करने को लेकर ब्लॉक कर्मी संतोष कुमार को लगाया गया है जो मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य सदस्यों के साथ मिलकर जांच कर करेंगे।

## डीसी ने पलामूवासियों से की शीतलहरी से बचने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने जिला वासियों से शीतलहरी व ठंड से बचने की अपील की है। इसके लिये उन्होंने स्थनीय मौसम के पूर्वानिमान के लिये समाचार पत्र पढ़ने, टीवी देखने व रेडिओ सुनने की अपील की है। शीत लहर से शरीर में गर्माहट बनाए रखने के लिए गर्म पानी और दूसरे गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने की भी अपील की है। हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि जलाते समय थोड़ी खिड़की खोलकर रखने, जिससे जहरीली कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस बाहर निकल सकें। सोने से पहले सभी हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि को बंद रखने की बात कही है। ठंड के दौरान जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की बात कही है। कहा कि शीतलहर के दौरान पशुओं को बांध के रखें, खुले में कदापि नहीं छोड़ने और जानवरों को ठंडा चारा व ठंडा पानी देने से बचने की अपील की है। बाहर निकलते समय सिर,चेहरे, हाथ एवं पैरों को गर्म कपड़े से ढकने की सलाह दी है। ठंड में उन्होंने शराब का सेवन नहीं करने, बच्चों को पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनाने की बात कही है। कहा कि घर से बाहर निकलते समय टोपी, मफलर आदि का इस्तेमाल जरूर करें। कहा कि पलामू डीसी के नाम से संचालित विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से विस्तृत एडवाइजरी जारी की गयी है। सभी जिलेवासी इस एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं पुलिस कंट्रोल रूम के लिए 06562-231589 नंबर पर संपर्क कर सकते है।




डीसी शशि रंजन।

## छत्तरपुर पहुंचे अधिकारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, छतरपुर एसडीओ हीरालाल, सहायक गोदाम प्रबंधक व संबंधित एमओ, अकाउंटेंट पंकज तिवारी ने संयुक्त रूप से गुरुवार को छतरपुर में स्थित राज्य खाद्य निगम अंतर्गत संचालित गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने भंडारित खाद्यान्नों एवं अन्य सामग्रियों की जांच की। दरअसल, कई दैनिक अखबारों में छत्तरपुर के गोदाम में नमक, चीनी व चना दाल सड़ जाने संबंधित खबर प्रकाशित होने पर संज्ञान लेते हुए जांच के लिए पहुंचे थे। जांच में पाया कि प्रकाशित खबर में जो नमक, चीनी व चना दाल सड़ जाने की बात कही गयी है वो तथ्यात्मक रूप से भ्रामक है। दरअसल पुराने गोदाम में रखे नमक, चीनी व चना दाल पूर्व से ही गुणवत्तापूर्ण नहीं थे और इसे नष्ट करने के उद्देश्य से ही अलग भंडारित कर रखा गया था। उक्त गोदाम में भंडारित अच्छे गुणवत्ता वाले सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर संचालित गोदाम में भंडारित करने का निर्देश सहायक गोदाम प्रबंधक व एमओ को दिया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सीओ ने सुलझाया शिवालया और मुमारखा गांव के ग्रामीणों के बीच का जमीनी विवाद



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के मुमारखा गांव के ग्रामीण और फोरलेन निर्माण कार्य कर रही शिवालया के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 98 किनारे स्थित विवादित जमीन का मामला अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने गुरुवार को सुलझा दिया है। सीओ ने बताया कि पिछले आठ बार मापी की गई पर दोनों के बीच मामला सुलझ नहीं रहा था। इस दौरान अंचल निरीक्षक प्रगति प्रकाश, हल्का कर्मचारी संजीव कुमार और अंचल अमिन राकेश कुमार द्वारा मापी कर दोनों को संतुष्ट कर दिया गया है। जिससे शिवालया अब कार्य कर सकती है। इस दौरान शिवालया के सिनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञानप्रकाश शुक्ला, लाइजिनिंग ऑफिसर संजय खद्ययान, अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रस्तावित भूमि पर पंचायत भवन निर्माण के लिए सीओ ने किया स्थल का निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के सेमरवार और तुरी पंचायत के अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने गुरुवार को प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सचिवालय भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि पहले तुरी पंचायत अंतर्गत खाता संख्या 149, प्लॉट 678, रकवा 13 डी का चिन्हित किया। जिसपर पंचायत सचिवालय का भवन निर्माण किया जाएगा। जबकि सेमरवार पंचायत अंतर्गत दो स्थल जांच के क्रम में क्लियर नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि सेमरवार और तुरी का पंचायत सचिवालय भवन निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। जल्द ही भूमि चिन्हित कर भवन निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अंचल निरीक्षक प्रगति प्रकाश, हल्का कर्मचारी संजीव कुमार, अंचल अमिन, राकेश कुमार, सेमरवार मुखिया जितेंद्र पासवान, तुरी मुखिया संदीप यादव आदि उपस्थित थे।

## देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर : कर्नल डॉ संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा की बैठक गुरुवार को रूद्रा होटल में हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अविनाश कश्यप और संचालन भाजयुमो नगर मंडल मंत्री राजीव ठाकुर ने किया। बैठक में बतौर प्रभारी के रूप में पहुंचे भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मेहता ने अपने संबोधन में नगर मंडल युवा मोर्चा को सशक्त कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। साथ ही अभी से ही 2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर है। इस लिए युवाओं से आग्रह हैं कि राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने भाजयुमो के सभी सदस्यों से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने की अपील की। भाजयुमो सदस्य अविनाश कश्यप ने बैठक में शामिल सभी युवा साथियों का आभार प्रकट किया और जानकारी दी की भाजयुमो हुसैनाबाद नगर मंडल का विस्तार आगामी बैठक में किया जाएगा। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, अमित कुमार सिंह, नीरज सिंह, विनोद पासवान, वीर बहादुर सिंह, पिन्टु कुमार सिंह, विजय प्रजापति आदि उपस्थित थे।



## मोदी सरकार में महिलाएं सम्मान के साथ बन रही स्वावलंबी: आरती

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला महिला मोर्चा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रवास के बाद विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी सभागार में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को सम्मान के साथ स्वालंबी बना रही है। उचित माहौल और भरपूर सहयोग मिलने से महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। वहीं, कार्यक्रम प्रभारी कल्याणी पांडेय ने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हेमंत सरकार में प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं पर अत्याचार और अपराध बढ़ा है। जिलाध्यक्ष सिट्टू गुप्ता ने बताया कि प्रवास के दौरान विश्रामपुर और उंटारी प्रखंड में महिला मोर्चा कमेटी के साथ बैठक की गई। लखपति दीदीयों और उज्वला योजना के लाभार्थियों से चर्चा हुई। ग्रामीण महिलाओं को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई गई। इसके अलावा महिला मुद्दों पर उनसे चर्चा की गई। मौके पर रेखा देवी, शुशील ठाकुर, प्रियंका देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, राजाराम मेहता, रघुवीर चंद्रवंशी आदि उपस्थित थीं।




## किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय के समीप गुरुवार को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 22 किसानों के बीच प्रखंड कृषि पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, एटीएम जयगोविंद यादव, पंचायत समिति रीना देवी, वार्ड सदस्य निर्मला देवी, प्रखंड कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, सहायक प्रखंड कोऑर्डिनेटर सतीश कुमार चौबे की उपस्थिति में करीब 20-20 किलो गेहूं बीज का वितरण किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों को समय पर वैज्ञानिक तरीके से गेहूं का बीज बोने की सलाह दी। वहीं, एटीएम जयगोविंद यादव ने बीज लेने वाले किसानों को बीज बोने के तरीके से फसल में लगने वाली बीमारी और उसके उपचार की जानकारी दी।

# स्पोर्ट्स



कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट कोचिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## हॉकी इंडिया ने कृष्ण पाठक, सुशीला चानू शिवेंद्र सिंह और विनीत शर्मा को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानू पुखरामबम, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने पर बधाई दी है।

कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट कोचिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा को भी सम्मानित किया गया है। शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट 2023 के लिए ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

अपने असाधारण गोलकीपिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले कृष्ण बहादुर पाठक मैदान पर अटूट समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए भारतीय हॉकी टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। उत्कृष्टता की उनकी निरंतर खोज ने उन्हें प्रशंसकों और साथियों की समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है। पाठक ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में भारत के विजयी अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई। महिला हॉकी सर्किट की दिग्गज खिलाड़ी सुशीला चानू पुखरामबम ने एक मजबूत रक्षक के रूप में लगातार अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उनके नेतृत्व गुणों और अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक आदर्श बना दिया है। 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने वाली अनुभवी सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने जापान के खिलाफ विजयी गोल भी किया, जिसने इस साल की शुरूआत में हांग्जो एशियाई खेलों में भारत को कांस्य पदक दिलाया। इस बीच, भारतीय हॉकी में एक सम्मानित नाम, शिवेंद्र सिंह ने एक शानदार खिलाड़ी से भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ तक एक प्रभावशाली यात्रा की है।



## परफैक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी का मार्शल आर्ट ओपन ट्रेल का हुआ चयन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। परफेक्ट स्पोर्ट एकेडमी की ओर से गुरुवार को कधवन मध्य विद्यालय में मार्शल आर्ट ओपन ट्रेल का चयन हुआ। जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें से नौ छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। पीएस एकाडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी ने बताया कि विश्रामपुर नगर परिषद और प्रखंड क्षेत्र के कई सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से कुल 320 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। जो 21 जनवरी को मार्शल आर्ट गेम विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित राम चंद्रवंशी इंडोर स्टेडिय में संपन्न होगा। मौके पर प्राचार्य वीरेंद्र कुमार, प्रभात रंजन पांडेय, विनोद दीक्षित, भोला दयाल आदि उपस्थित थे।**

## भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में की गयी बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर के सोरडीहा सामुदायिक भवन में भाजपा नगर मंडल युवा मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर व संचालन विकाश चंद्रवंशी ने किया। बैठक में बूथ सशक्तीकरण, नये कार्यकर्ताओं को जोड़ने, मंडल युवा सम्मेलन, सोशल मीडिया सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही बूथ मजबूती पर भी चर्चा हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा पलामू प्रमंडल प्रभारी मुन्ना तिवार के अलावा मंडल अध्यक्ष बबन राम भी शामिल थे। बबन राम ने कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर सत्यनारायण सोनी, संतोष राम, विकास कुमार, गोपाल सोनी, सच्चिदानंद कुमार, अनूप कुमार, विश्वामित्र कुमार, संतोष मेहता, रोहित कुमार, मोहित कुमार, दिलीप चौधरी, अंकित कुमार, राहुल कुमार, संतोष चौधरी, राजकुमार शाह, राजू कुमार, राकेश यादव, सद्दाम अंसारी और चंदन सोनी आदि मौजूद थे।

## विधवा के घर से नकदी, आभूषण समेत कीमती सामान चोरी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र स्थित बालरा गांव में एक विधवा महिला के घर से चोरों ने नकदी और आभूषण सहित कई कीमती सामान चोरी कर ली। इससे पहले पास में ही लालजी यादव के घर में भी चोरों ने दो-तीन ताला तोड़ दिया। पर वहां कुछ नहीं मिलने पर स्व मानकी यादव की पत्नी भागरती कुंवर के घर में घूस गए और हाथ साफ कर फरार हो गए। इस बाबत भागरती कुंवर ने बताया कि बक्सा में रखा चार थान गहना और करीब 5-6 हजार रुपये चोरी हुई है। घटना बुधवार की देर रात 1.30 बजे की बताई जा रही है। महिला की माने तो रात में आवाज सुनकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो बाहर से दरवाजा बंद पाया। जैसे-तैसे घर से बाहर निकल कर शोर मचाया। महिला ने बताया कि गुरुवार की सुबह तलाश करने पर बटाने नदी के पास बक्शा मिला है। उसमें रखे कपड़ा व अन्य सामान बिखरे पड़े थे और गहने-पैसे नदारद थे। इस संबंध में खबर लिखे जाने तक महिला ने पुलिस से शिकायत नहीं की है।

### कांग्रेसियों ने विपक्ष पर लगाया जल संयंत्र के लिए फीडर निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप

# सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली पोल की चोरी: केडी पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर जामाडोबा स्थित जल संयंत्र में सेपरेट 11 केवी फीडर के लिए बिछाए जा रहे लाइन के दौरान गाड़े गए पोल चोरी की पुलिस से जांच कराए जाने की मांग की गई। अपने संबोधन में विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय व धनबाद जिला कांग्रेस के महासचिव अशोक बर्णवाल ने बताया कि चुनाव पूर्व विधायक द्वारा निर्वाध जलापूर्ति को लेकर किये गए वादे में जल संयंत्र में विधुत आपूर्ति सबसे बड़ी समस्या थी। जिसे दूर करने के लिए विगत 22 अगस्त को दो करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से जल संयंत्र के लिए सेपरेट 11 केवी फीडर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था। 7.6 किलोमीटर लंबी लाइन में अब तक कुल 115 पोल गाड़े जा चुके हैं। इन पोलों में एक बार 18, दूसरी बार 4, तीसरी बार सात, और चौथी बार 5 पोल को काट कर चोरी कर लिया गया। दोनों नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को विकास रास नहीं आ रहा है। इस लिए सुनियोजित तरीके से चार बार बिजली के खंभे की चोरी हो गयी। इसकी लिखित शिकायत कनीय अभियंता राकेश कुमार, डिगवाडीह के अभियंता आलोक करकेटा, संवेदक बलराम कुमार द्वारा जोड़ापोखर पुलिस से की गई है। चोरी होने से अब तक 30 लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। उन्होंने कहा कि वे लोग जिला प्रशासन से इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हैं। अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच हो तो विपक्ष का चेहरा सामने आ जायेगा। मौके पर सूरज सिंह, कांग्रेस ओबीसी के जिलाध्यक्ष प्रीतम रवानी, झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव, महेश शर्मा, गणेश बहादुर सिंह, रामजी सिंह, भोला नाथ सिंह, शिव शंभु प्रसाद, कुंदन मोदक आदि उपस्थित थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते झरिया विधायक प्रतिनिधि व अन्य

# झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल: भरत यादव

**उप राष्ट्रपति का अपमान और झारखंड विधानसभा से विरोधी दल के मुख्य सचेतक सहित विधायकों के निलंबन के प्रतिवाद में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने और झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों के प्रतिवाद में प्रदेश भाजपा की ओर से राज्य के सभी जिला मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में बोकारो भाजपा की ओर से चास के नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा से जिला मुख्यालय तक पदयात्रा निकाल कर विरोध दर्ज कराय गया, जिसका जिसका नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष भरत यादव ने किया। कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि उपराष्ट्रपति का अपमान पूरे देश का अपमान है। विपक्ष की हरकतों ने उसकी मानसिकता को फिर से दर्शा दिया है। वहीं, झारखंड में हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। जब से राज्य में गठबंधन की सरकार बनी है, स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। वहीं, भरत यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालय पर विरोध दर्ज किटा जडा रहा है। साथ ही राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन भी सौंपा जा रहा है। कहा कि झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी पटेल व विधायक भानुप्रताप शाही को बर्खास्त सिर्फ इसलिये किया गया, क्योंकि उन्होंने राज्य के युवाओं की आवाज सदन में उठाई थी। क्या जनहित मुद्दों को सदन में उठाना अपराध है। अगर है तो विपक्ष के सभी विधायक यह अपराध करने को तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि चार साल बीत गए, लेकिन राज्य की हेमंत सरकार में ना तो नियोजन नीति बनी, ना ही स्थानीय नीति। किसान, युवा, महिला, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका सभी सत्तारूढ़ गठबंधन नेताओं के वादाखिलाफी के विरोध में सड़क से सदन तक अपना विरोध दर्ज कर रही हैं। भाजपा के विधायक सदन में वादों को लेकर आवाज उठाती हैं तो उन्हें बर्खास्त कर दिया जाता हैं। राज्य में हिटलर साही सरकार चल रही है। उधर, सरकार विरोधी नारे लगाते हुए डीसी कार्यालय के समक्ष सभा भी की गई, जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव व संचालन महामंत्री संजय त्यागी ने किया। इस मौके पर वनमाली दत्ता, आरती राणा, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, अनिल स्वर्णकार, लीला देवी, अर्चना सिंह, सुरेंद्र राज, जयदेव राय, अशोक कुमार पप्पू, विक्रम पांडेय, गौर रजवार, जयनारायण मरांडी, माथुर मंडल, विनय आनंद, महेंद्र राय, विश्वनाथ दत्ता, राघवेंद्र उपाध्याय, मुकेश राय, विनोद महतो, रामलाल सोरेन, तारा शाह, चितरंजन साव, फटिक दास, आरएन ओझा, हरे राम मिश्रा, केके बोराल, सुजीत चक्रवर्ती, ब्रज दूबे, भैरव महतो, पन्नालाल कान्दू, हरीश सिंह, टिंकू तापड़िया, अनिल सिंह, बैधनाथ प्रसाद, संजय प्रसाद, राजीव चौबे, अशोक शर्मा, पंचानन महतो, धर्मेंद्र महथा, श्याम बाउरी, कनैया गुप्ता, प्रीति गुप्ता, पीयूष गौरव और रजन कुमार आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### फुट ब्रिज निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले मुखिया प्रतिनिधि

**महुदा (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को कांड्रा पंचायत की मुखिया सह झारखण्ड मुखिया संघ के संयोजक प्रतिनिधि सह भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कांड्रा पंचायत सचिवालय के नजदीक फुटब्रिज निर्माण सहित अन्य कई मामलो को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। बताया कि बाघमारा प्रखंड के कांड्रा ग्राम पंचायत अंतर्गत सचिवालय के दूसरी ओर ग्रामीण रास्ता के बगल में कांड्रा मध्य विद्यालय है। ग्रामीण बच्चों को विद्यालय आने के लिये सड़क पार करना पड़ता है। इ दौरान कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। मुखिया ने केंद्रीय मंत्री से फुट ब्रिज निर्माण कराने के लिए विभाग को निर्देश देने का निवेदन किया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। हालांकि फुट ब्रिज निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर मुखिया द्वारा कई बार प्रयास किया गया पर नतीजा सिफर रहा। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार हर दो-चार दिन में उक्त स्थान पर सड़क दुर्घटना होती रहती है।

### फुसरों में सरकार आपके द्वार का आयोजन



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तीसरे चरण के अंतिम दिन गुरुवार को फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 28 अंतर्गत खास ढोरी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बेरमो प्रखंड व नगर परिषद की ओर से संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पीडीएस, आयुष्मान एवं श्रम कार्ड, सावित्री बाई फुले योजना, दिव्यांगता, स्वनिधि से समृद्धि, महिलाओं के लिए मुफ्त जांच शिविर आदि के सटॉल लगाये गये थे। यहां 16 दिव्यांग प्रमाण पत्र आवेदन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 22 आवेदन, विकलांग पेंशन के एक, आयुष्मान कार्ड 9, ग्रीन कार्ड के तीन आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान 160 लाभुको के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। नप के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि सरकार आमजनों की हर समस्या से रूबरू होने के लिए निरंतर 24 नवंबर से लिए इस कार्यक्रम के तहत आपके द्वार पहुंच रही है। सरकार की मंशा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वार्ड और पंचायत तक पहुंचाना है। वहीं, इओ गोपेश कुंभकार ने कहा कि नगर के जनता को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करना है। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का निदान नहीं हुआ है संबंधित अधिकारी कर्मचारी उसका जल्द निदान करेंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, नोडल अधिकारी सुजीत त्रिवेदी, राजू दिगार, डॉ पल्लवी, मधु सिंह, तलत प्रवीण, लक्ष्मी सिंह, रेखा देवी, रणविजय कुमार और सुमित कुमार आदि शामिल थे।

## चंदनकियारी के विकास का पहिया पिछले नौ सालों से रुका हुआ है: उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आजसू की मिर्धा पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक चौडगोई के खेलाचणडी मैदान में हुई। जिसमें शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि उनके विधायक रहते चंदनकियारी ने जो विकास की गति पकड़ी थी। वह पिछले नौ वर्षों से थम गयी है। उसे पुनः गतिमान करने के लिए लोगों को फिर से मतदान कर आजसू को लाना होगा। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी के लोगों को स्वावलंबी बनाने के लिए खेती को उद्योग की दृष्टिकोण से विकास करना होगा। सिंचाई के साथ चंदनकियारी की मिट्टी के अनुकूल आधुनिक बाजार की मांग के मुताबिक उपज की खोज करना होगा। इसके लिए व्यापक पैमाने पर किसानों को प्रशिक्षित करना होगा। किसानों को खाद बीज के लिए कम दर पर ऋण मुहैया करना होगा। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी के लोगों के हुनर में कोई कमी नहीं है। लेकिन आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होने के कारण कल-कारखाना स्थापित नहीं कर पाते हैं। यदि उन्हें छोटे-छोटे उद्योग स्थापित कर अवसर दिया जाय, तो वे खुद रोजगार तो करेंगे ही, उद्योगों में होने वाले उत्पादन से राज्य को अच्छी रॉयल्टी भी मिलेगी। मौके पर कार्तिक गोराई, बाबू राम महतो, लक्ष्मी कांत गोराई, सुभाष मंडल, हेमंत योगी, मानिक रजवार, साधू चरण महतो, खगेन महतो, धनू गोराई, राधू गोराई, मनोज मंडल, हालिमा बीबी, ममता देवी, जगन्नाथ महतो और परशुराम महतो आदि मौजूद थे।

## कतरास में ज्ञान शिशु मंदिर विद्यालय का वार्षिक उत्सव संपन्न

**कतरास (आजाद सिपाही)।** ज्ञान शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव गुरुवार को रानी बाजार स्थित गुरु तेगबहादुर हाल में आयोजित हुआ। जहां छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। आदर्श व अर्चना ने सरस्वती वंदना के गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद स्नेहा, रोहित, आदर्श, अर्चना, प्राची, रोहिणी, मानवी, खुशबू, स्नेहा, अर्पिता आदि ने एक से बढ़कर एक डांस किया। मौके पर हरिप्रसाद अग्रवाल, डॉ सुनील कुमार, उद्योगपति सुरेश केडिया, पत्रकार अजय राणा आदि मौजूद थे।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/39/2023-24**
**1.Detail of work**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Swarn Jayanti Park Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 17,22,135/- | 36,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 2. | Renovation of Housing Board Park Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 19,25,692/- | 40,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 3. | Renovation of Jabra Park Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 20,50,224/- | 42,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 4. | Construction of R.C.C Drain and Repair of P.C.C Road in Matwari Gandhi Maidan east upto Exiting Nala. In Gali No. 05 in Ward No. 12 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 24,98,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | **26.12.2023 at 11:00 A.M.** | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | **08.01.2024 up to 5:00 P.M.** | | | |
| 4. | Bid Opening date | **09.01.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
**Administrator**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**PR 313961 Urban Development and Housing(23-24).D**

## बासदेवपुर में सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम की निगरानी में होगा कोयला उत्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** बासदेवपुर में कोयला चोरों द्वारा मजदूरो पर ए ही दिन में दो बार हमला किए जाने से मजदूर भयभीय व परेशान हैं. मजदूरो का कहना है कि चोरों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। उनके भीतर सीआइएसएफ और पुलिस प्रशासन का भी भय नहीं है। हमले के बाद मजदूर परियोजना में काम करने नहीं उतरे, जिसका असर बीसीसीएल के उत्पादन पर भी पड़ा। वहीं, प्रबंधन का कहना है कि केंदुआ पुलिस से शिकायत की जा चुकी है। फिर भी मदद नहीं मिल रही है। चालक राजेन्द्र यादव ने कहा कि शाम 7 बजे के करीब कोयला चोरों द्वारा पथराव फिर से किया गया। हमलोग जान बचाकर भागे। वहीं, जीएम ने कहा कि सीआइएसएफ के क्यूआरटी टीम की निगरानी में कोयला उत्पादन होगा। हम मजदूरो की सुरक्षा पहले देखेंगे। मजदूरो पर हमला आश्यर्चकित करने वाला है। गुरुवार को बीसीसीएल एरिया के जीएम अनूप राय ने बासदेवपुर में मजदूरो से कहा कि अब यहां कोयला का उत्पादन सीआइएसएफ की निगरानी में होगा। क्यूआरटी टीम परियोजना में मौजूद रहेगी। हम सीआइएसएफ के डीआइजी से भी बात कर रहे है। सुरक्षा के बिना कोयला उत्पादन नहीं किया जाएगा। बतातें चलें कि बुधवार की सुबह 7 बजे सैकड़ों कोयला चोरों ने मजदूरो पर हमला कर दिया। जमकर पथराव किया जिससे वाहन का शीशा टूट गया था।

**उपायुक्त सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।**
**(खनन शाखा)**

**सिमडेगा जिला के बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना।**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट संख्या | खाता संख्या | रकवा (हेक्टेयर में) | Tentative Yearly Production (cum) | e-Tender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | नियम एवं शर्तें | निविदा आंमत्रण करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | देवबहारगिन्दरा एवं बगडेगा | ठेठईटांगर एवं केरसई | 5457(P) 5461(P) 5462(P) | 228 | 4.32 | 7,258 | SAND/MDO/ A/ Deobahargindra/ Bagdega/2023/40 | | | | | |
| 2 | गोर्रा | बानो | 851(P) | --- | 5.80 | 18,444 | SAND/MDO/ A/ Gorra /2023/41 | | | | | |
| 3 | गुलडा एवं करूआजोर | सिमडेगा एवं केरसई | 1065(P) 4624(P) | 99 | 9.27 | 20,579 | SAND/MDO/ A/ Gulda/ Karuajor /2023/42 | | | | | |
| 4 | पैकपारा | ठेठईटांगर | 6110(P) | 223 | 6.40 | 14,208 | SAND/MDO/ A/ Paikpara /2023/43 | | | | | |
| 5 | रामजल | बानो | 5973(P) 7348(P) | 98 | 5.92 | 8,170 | SAND/MDO/ A/ Ramjal /2023/44 | 22.12.23 | 30.12.23 समय अपराहन् 4.00 बजे तक | 03.01.24 समय पूर्वाहन 11.30 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, सिमडेगा। |
| 6 | खुंटीटोली एवं टामाडीह | सिमडेगा | 1(P) 1558(P) | 74/ 132 | 16.90 | 39,546 | SAND/MDO/ B/ Khutitoli/ Tamadih /2023/45 | | | | | |
| 7 | कोरोमिंया | ठेठईटांगर | 3973(P) | 382 | 17.71 | 97,759 | SAND/MDO/ B/ Kormia /2023/46 | | | | | |
| 8 | पिथरा–1 एवं पोथाटोली | सिमडेगा एवं ठेठईटांगर | 5981(P) 5983(P) 01(P) | 312/ 35 | 18.80 | 42,864 | SAND/MDO/ B/ Pithra-I/ Pothatoli /2023/47 | | | | | |
| 9 | पिथरा–2 एवं तीलगा | सिमडेगा | 1566(P) 1892(P) 01(P) 1291(P) | 312 | 16.80 | 75,600 | SAND/MDO/ B/ Pithra-II/Tilga /2023/48 | 22.12.23 | 30.12.23 समय अपराहन् 4.00 बजे तक | 03.01.24 समय पूर्वाहन् 11.30 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, सिमडेगा। |
| 10 | सोगरा एवं नानेसेरा | पाकरटांड | 2 (P) 2 (P) 3050 | 258/ 188 | 12.10 | 56,628 | SAND/MDO/ B/ Sogra/Nanesera /2023/49 | | | | | |

नोटः– 1. JSMDC रॉंची द्वारा Category-A एवं Category-B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा ही केवल www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC. Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा प्रकाशित बालू घाटों के संदर्भ विस्तृत जानकारी अनुमोदित DSR (http://simdega.nic.in पर उपलब्ध है) से भी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
18.12.2023
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, सिमडेगा।

PR 313936 (Simdega) 23-24 (D)

### सैलानियों से पार्किंग के नाम पर की जानेवाली वसूली को डीजीएम ने बताया अवैध

# दुकानों पर चला डीसीबी प्रबंधन का बुलडोजर

**डैम की सुरक्षा का हवाला देकर की गई कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** डीवीसी प्रबंधन द्वारा मैथन डैम के सुरक्षा के नाम पर डैम सबडिविजन वन के समीप लगे झोपड़ीनुमा दुकानों पर गुरुवार को उपमहाप्रबंधक प्रशासन अनूप पुरोकायस्थ के नेतृत्व में बुलडोजर चला कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। डीजीएम ने बताया की सीआइएसएफ से मिली गुप्त सूचना के आधार पर क्रिसमस व नव वर्ष के मौके पर बड़ी संख्या में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से सैलानी पिकनिक मनाने यहां आते हैं। ऐसे में इन दुकानों पर सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ेगी, जिस कारण डैम की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो जाता है। इस लिये यहां से अवैध दुकानों को हटाया जा रहा है। डीजीएम ने बताया कि आज झारखंड क्षेत्र में पड़ने वाले स्थानों से अवैध दुकानों को हटाया गया है। इसके बाद बंगाल क्षेत्र से भी अवैध दुकानों को हटाया जाएगा। क्रिसमस एवं नव वर्ष से पूर्व हटाए जाने से दुकानदारों की कमाई पर असर के सवाल पर डीजीएम ने कहा कि दुकान लगाने से किसी को मना नहीं कर रहे हैं। पर लोग दुकान ठेले पर सुबह लगाएं और शाम को उसे लकर घर चले जाएं। दूसरी ओर, दुकान हटाने की सूचना पाकर निरसा के पूर्व विधायक आरुप चटर्जी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि डीवीसी की हिम्मत है तो पश्चिम बंगाल में दुकानदारों पर अपना बुलडोजर चला कर दिखाए। कहा कि एक तो डीवीसी गरीबों को कोई रोजगार नहीं दे रहा है। ऊपर से उनके घर और दुकान उजाड़ रहा है। अगर डीवीसी अपनी कार्रवाई नहीं रोकती है तो डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रभावित दुकानदारों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

### हिम्मत है तो ऐसी कार्रवाई डीवीसी बंगाल में करे : अरूप





### पार्किंग निःशुल्क

वहीं, मैथन डैम के आसपास के क्षेत्रों में पार्किंग शुल्क वसूली को गैरकानूनी बताया गया। डीवीसी के डीजीएम प्रशासन पार्किंग वाले स्थल को दिखाते हुए कहा कि यहां पार्किंग पूरी तरह से निःशुल्क है। यहां किसी तरह का शुल्क नहीं लगाया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# एनटीपीसी कोल माइंस को स्टार रेटिंग पुरस्कार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी दुलंगा कोयला खनन परियोजना को वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए ओपन कास्ट खानों की श्रेणी के तहत स्टार रेटिंग पुरस्कार (तीसरी रैंक) से सम्मानित किया गया है। एनटीपीसी तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजना को वर्ष 2019-20 के लिए ओपन कास्ट श्रेणी के तहत स्टार रेटिंग (अचीवर्स रैंक) से भी सम्मानित किया गया है।

एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव और अनिमेष जैन, सीइओ, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने 20 दिसंबर को नयी दिल्ली में आयोजित कोयला खदानों की वार्षिक स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में प्रह्लाद जोशी, कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किये।

एनटीपीसी ने सर्वोत्तम तकनीकी प्रथाओं को अपनाकर, परिचालन दक्षता के लिए डिजिटल उपकरणों के एकीकरण, 'शून्य घटना क्षमता' की दिशा में प्रयास करके, हरित पदचिन्हों को बढ़ावा देने और खनन उद्योग में बेंचमार्क स्थापित करके अपनी सभी खानों के विकास को मॉडल माइन के रूप में विकसित करने की संकल्पना की है। इससे युवाओं, महिलाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे के निर्माण और अन्य आवश्यकता-आधारित संस्थानों के कौशल विकास के माध्यम से अपनी खनन परियोजनाओं में और उसके आसपास के क्षेत्र के सतत विकास को भी बढ़ावा दिया है।

कोयला मंत्रालय से यह पुरस्कारों की पेशकश, कोयला खनन में एनटीपीसी प्रयासों का एक शानदार प्रमाण है और हमें खनन क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। कोयला मंत्रालय द्वारा सतत विकास के सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न तकनीकी, सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय मापदंडों के आधार पर खनन कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए खान की स्टार रेटिंग शुरू की गयी है। इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य भारत की कोयला खानों के मानक को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के बराबर उठाना है।

# 17 को श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन

## सबसे पहले भगवान जगन्नाथ को आमंत्रित किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पुरी श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का शुभारंभ 17 जनवरी को किया जायेगा। सबसे पहले महाप्रभु जगन्नाथ को आमंत्रित किया गया। श्रीमंदिर परिक्रमा के उद्घाटन के लिए निमंत्रण पत्र श्रीमंदिर प्रशासन कार्यालय से श्रमंदिर तक गया। वहां भगवान महाप्रभु के श्री चरण में अर्पण किया गया। निमंत्रण पत्र पाट पटुआर में जगन्नाथ के पास गया था। महाप्रभु के बाद भगवान नृसिम्हा, मां विमला, मां मंगला और अंत में पाचू पांडवों को आमंत्रित किया गया।

खबर है कि 24 तारीख को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को आमंत्रित किया जायेगा। इसके बाद राज्य और राज्य के बाहर करीब सौ मंदिरों में निमंत्रण पत्र जायेंगे। यजमान के रूप में गजपति महाराजा दिब्यसिंह देव यज्ञ में पूणार्हुति देंगे। इसलिए मंदिर प्रशासन की ओर से उद्घाटन समारोह के लिए व्यापक तैयारियां की गयीं हैं। जगन्नाथ मंदिरों और विदेश में रहने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया जायेगा। मंदिर से जुड़े नेपाल के राजा को भी आमंत्रित किया जायेगा, जिसके लिए एक विशेष निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। निमंत्रण पत्र के साथ एक विशेष किट भी प्रदान किया जायेगी। निमंत्रण पत्र के साथ तीन भाषाओं उड़िया, अंग्रेजी और हिंदी में ब्रोशर दिए जायेंगे। इसमें परिक्रमा परियोजना से संबंधित जानकारी होगी। विभिन्न धार्मिक संस्थानों को निमंत्रण भेजा जायेगा। इसके लिए जिलेवार सूची तैयार की गयी है। राज्य भर के 746 जगन्नाथ मंदिरों और 111 अन्य मंदिरों को निमंत्रण भेजे जायेंगे।

# गिरिडीह में जनाक्रोश यात्रा निकाल कर किया प्रदर्शन



जनाक्रोश रैली को संबोधित करते पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में हेमंत सोरेन सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश यात्रा निकाल कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जन-जन के साथ झारखंड सरकार किये जा रहे अत्याचारों से लोगों को अवगत कराया गया। इस मौके पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी का मजाक उड़ाया जा रहा है और राहुल गांधी जी उसका वीडियो बना रहे है। ये संस्कारहीन आचरण ही इनकी पहचान है, मैं इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। किसान परिवार में जन्मे, देश के उपराष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति जो बिना किसी भेदभाव के राज्य सभा के सभापति का कार्य निष्पक्षता से कर रहे हैं, यह कृत्य ऐसे आदरणीय जगदीप धनखड़ का नहीं, बल्कि पूरे देश का उपहास है। मैं इस कृत्य की भर्त्सना करता हूं। इस कृत्य से विपक्ष की संस्कृति और सोच का पता चलता है। इस दौरान बागोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, गिरिडीह के भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय सहबादी, श्रीकांत, मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित, पवन साव, उदय सिंह, विनय शर्मा, दिनेश यादव, सुरेश साहू एवं नुनू लाल मरांडी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु के मंत्री-उनकी पत्नी को आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में 3 साल की कैद

**चेन्नई (आजाद सिपाही)।** मद्रास हाईकोर्ट ने गुरुवार को आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में तमिलनाडु के पोनमुडी और उनकी पत्नी को 3 साल की सजा सुनायी। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ 50-50 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। दोनों 1.75 करोड़ रुपये की आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में दोषी पाये गये थे। कोर्ट का फैसला आने के बाद के पोनमुडी विधायक पद के लिए अयोग्य हो गये हैं। तमिलनाडु के राजभवन की ओर से प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। आरोपियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एनआर एलांगो ने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका और सजा निलंबित करने के संबंध में याचिका दाखिल करने की मोहलत दी जाये।

### डिस्काउंट पर कार खरीदने का लालच दिया

# 50 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी, 3 गिरफ्तार



- अक्षय गौड़, उनकी पत्नी और शिवराम गौड़ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** डिस्काउंट पर कार देने की बात कह कर 40 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस आरोप में पति-पत्नी समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। नुआपली पुलिस ने अक्षय गौड़, उनकी पत्नी और शिवराम गौड़ को हिरासत में लिया है। इस जोड़े ने मां खड्डुआपाट ऑटो मोबाइल्स के नाम पर राजधानी में कई पुलिसकर्मियों समेत सैकड़ों लोगों को चूना लगाया है। धोखाधड़ी के आरोप में राज्य के पाहाल, नुआपल्ली, खंडगिरी, लक्ष्मी सागर और कैपिटल पुलिस स्टेशनों में कई शिकायतें दर्ज की गयी हैं।

जानकारी के अनुसार पति-पत्नी समेत 3 जालसाज ने झांसा दिया कि नयी कार डिस्काउंट पर मिलेगी। महंगी कारों पर 50 फीसदी डिस्काउंट पर क्लीयरेंस सेल चल रही है। 10 लाख रुपये की कार के लिए 6 लाख रुपये, 18 लाख रुपये की कार के लिए 9 लाख रुपये और विभिन्न कार शोरूमों ने इस क्लीयरेंस सेल के लिए मां खड्डुआपाट ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। कुछ लोगों को यह दिखाने के लिए नयी कारें भी दी गयी। यह देख बाकी सभी ने भी एडवांस में पैसे जमा कर दिये। इस तरह पति-पत्नी समेत 3 जालसाजों ने सैकड़ों लोगों से करीब 40 करोड़ रुपये हड़प कर फरार हो गये थे।

# माओवादियों ने तीन वाहनों में आग लगा दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** मालकानगिरी छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे सुकमा जिले में माओवादियों का लंका कांड। उन्होंने एक बार फिर हमला किया है। माओवादियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया, जिसमें एक यात्री बस और दो ट्रक शामिल हैं।

तेलेंगाना राज्य परिवहन निगम की एक सरकारी बस सुकुमार से 40 यात्रियों को लेकर हैदराबाद जा रही थी। इसी बीच इनजाराम पुलिस स्टेशन से महज दो किलोमीटर के दूरी से माओवादियों ने बस को रोक लिया और यात्रियों को गाड़ी से बाहर आने को कहा कि गाड़ी से बाहर आने के बाद उन्हों ने बस में आग लगा दी। माओवादियों ने छत्तीसगढ़ में 22 तारीख को बंद का आह्वान किया है। वहीं दंतेवाड़ा में पेड़ों से रास्ता रोक कर पोस्टर-बैनर लगाये गये हैं। माओवादियों के डर से बस्तर इलाके में यातायात ठप हो गया है।

# किडनी देने का झांसा 12.50 लाख रुपये ठगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** कटक में एक शख्स पर किडनी देने की बात कह कर 12 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। किडनी और पैसे नहीं देने पर लोग धोखेबाज को पकड़ कर पुलिस के पास ले गये। ऐसी घटना कटक के रानीहाट चौक स्थित तेली साही में देखने को मिली है।

घटना के मुताबिक क्योंझर जिले के कुटूलु कुमार माझी किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और उन्होंने कटक एससीबी मेडिकल के नेफ्रोलॉजी विभाग में एक डॉक्टर से परामर्श लिया। डॉक्टर ने उसके विभिन्न परीक्षणों की जांच की, तो पता चला कि कुटुलु की 2 किडनी खराब हो गयी है। इसके लिए डॉक्टर ने किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी, लेकिन किडनी के लिए कुटूलु माझी और उसकी पत्नी बालेश्वर इलाके में रहने वाले मार्कंड नाथ और उसकी पत्नी शांतिलता नाथ के संपर्क में आये। दोनों के बीच बातचीत के बाद आरोपी मार्कंड नाथ और उसकी पत्नी ने कुटुलु को पैसे के बदले किडनी देने का वादा किया।

प्रतिश्रुति मिलने के बाद कुटुलु ने कहा कि उसने मार्कंड को अलग-अलग चरणों में 12 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान किया, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद कुटूलू की पत्नी ने आरोपी शांतिलता नाथ पर किडनी या पैसे नहीं लौटा कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

# राउरकेला में फैला हैजा, एससीबी की मेडिकल टीम और आरएमआरसी के दो वैज्ञानिक पहुंचे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राउरकेला के सरकारी अस्पताल में हैजा से 13 लोगों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य सचिव सालिनी पंडित ने बुधवार को राउरकेला का दौरा किया और कटक एससीबी से 4 डॉक्टर राउरकेला पहुंचे। एससीबी से एक और डॉक्टर गुरुवार को राउरकेला पहुंचे। इसी तरह एससीबी टीम के साथ भुवनेश्वर आरएमआरसी के दो वैज्ञानिक भी पहुंचे हैं। एससीबी मेडिकल टीम में मेडिसिन विभाग के सहायक प्रोफेसर तुषारिकांती बेहेरा, कम्युनिटी के सहायक प्रोफेसर मदन मोहन माझी, माइक्रोबायोलॉजी के सहायक प्रोफेसर सस्मिता खटुआ, बाल रोग सहायक प्रोफेसर भगवत स्वाइं शामिल हैं। इसी तरह भुवनेश्वर आरएमआरसी के दो वैज्ञानिक डॉ जय सिंह और डॉ आरा हैं।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर भारी वाहन चालकों को मिलेगी मुफ्त चाय

- राज्य सरकार रात में ड्राइवरों को मुफ्त चाय उपलब्ध करायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ड्राइवर को निःशुल्क चाय उपलब्ध करायी जायेगी। रात में राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रक, बस जैसे भारी सामान चलाने वाले ड्राइवरों को मुफ्त चाय दी जायेगी। इसकी जानकारी राज्य के परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने दी। उनके मुताबिक राज्य सरकार की ओर से ड्राइवरों को मुफ्त चाय उपलब्ध करायी जायेगी।

ड्राइवर सड़क किनारे बने होटलों और ढाबे पर मुफ्त में चाय पी सकते हैं। मंत्री टुकुनी साहू ने मीडिया को बताया कि इस होटल और ढाबे में ड्राइवर चाय पी सकते हैं और आराम कर सकते हैं। हालांकि, यह कहा गया है कि जिला कलेक्टर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उन होटलों और ढाबे की पहचान करेंगे, जहां ड्राइवरों के लिए मुफ्त चाय उपलब्ध होगी।

अधिकतर दुर्घटनाएं रात के समय नींद आने के कारण होती हैं। ये दुर्घटनाएं नींद में रहने वाले ड्राइवरों की वजह से होती हैं। इसलिए राज्य सरकार ने दुर्घटना की समस्या से बचने के लिए ऐसे कदम उठाये हैं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**